तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025




सिविल लाइन थाना के सामने पुलिस लाइन की ओर जाने वाली सड़क किनारे नाली को खुला छोड़ दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### घुमड़ते रहे बादल, खंड वर्षा से भीगा शहर

**बिलासपुर।** मौसम हर दिन रंग बदल रहा है, जहां रविवार की सुबह से ही धूप खिली रही, वहीं शाम होते ही आसमान पर काले घने बादल छाने लगे, इस दौरान कहीं बारिश होती रही, तो कहीं महज बूंदाबांदी ही दर्ज की गई। मौसम के इस खेल से लोग अचंभित हो रहे हैं। सावन के महीने में बादलों की अटखेलियां लोगों को हैरान कर रही है, सुबह से दोपहर तक तेज धूप के आगे लोगों को पसीने बहाने पर मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं शाम के बाद तेज गर्जना के साथ बादल छाने लगते हैं, कुछ ही देर में बूंदाबांदी और बारिश का दौर शुरू हो जाता है। इस सीजन में अब तक 450 किमी बारिश हो चुकी है, अनुमान के अनुसार बारिश ने आधा कोटा पूरा कर लिया है, सावन के बाद भादो और मानसूनी हवाओं की बिदाई तक 11 सौ मिमी का कोटा भी पूरा हो सकता है।

### प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का धरना आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा एवं प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग बिलासपुर में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा अराजकता, आतंक, फैलाकर दुर्व्यवहार किया जा रहा है। इनकी शिकायत उच्च अधिकारियों को करने के पश्चात भी कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इसके विरोध में संघ द्वारा 21 जुलाई सोमवार को धरना प्रदर्शन कर उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव एवं सचिव लोक निर्माण विभाग के नाम आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर को ज्ञापन सौपा जाएगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष रामकुमार यादव और सचिव किशोर शर्मा ने दी।

### वीरता पुरस्कार में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 को

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट स्वतंत्रता दिवस पर कसौधन बहादुरी वीरता पुरस्कार का आयोजन 15 अगस्त को करने जा रहा है। रमेश गुप्ता ने कहा कि यह पुरस्कार बिलासपुर जिला के सभी समाज के लोगों के लिए है। बहादुरी पुरस्कार में समाज के जिन लोगों ने निःस्वार्थ किसी को नया जीवन देने के प्रयास करते हुए जान जोखिम में डालकर उन्हें बचाया हो ऐसे लोगों ऐसे लोगों को ट्रस्ट द्वारा 1100 की नकद राशि पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करने का बीड़ा उठाया है। पुरस्कार को चयन समिति के द्वारा उनकी बहादुरी की कहानी को चयन करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

### कुत्तों का आतंक, हर दिन लोग हो रहे घायल

**बिलासपुर।** शहर में कुत्तों द्वारा लोगों को अपना शिकार बनाया जा रहा है, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं कुत्तों के निशाने पर है, औसतन हर दिन 30 से अधिक लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं। यही कारण है कि अस्पतालों में रैबीज का इंजेक्शन लगाने वालों की तादात भी बढ़ चुकी है, सिम्स में रोजाना 50 इंजेक्शन लग रहे हैं, इसमें डॉग बाइट के साथ अन्य जानवरों से आहत हुए लोग भी शामिल है, वहीं जिला अस्पताल में 20 से 30 लोग रोजाना रैबीज का इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे हैं। अस्पतालों में रैबीज के इंजेक्शन की खपत अचानक बढ़ चुकी है, इसका कारण कुत्ते के कटाने की घटनाएं है। दरअसल बारिश के दिनों में कुत्ते आत्मधाती हो जाते हैं, और लोगों को अपना शिकार बना लेते है। डॉग बाइट के बार लोगों को 4 से अधिक इंजेक्शन लगाने पड़ते है। 0 से लेकर 30 दिनों के अंतराल में लगने वाले इंजेक्शन से मरीज आहत होते हैं, लेकिन निगम द्वारा आवारा कुत्तों पर नकेल नहीं कसा जा रहा है, जिससे घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

# अयोध्या पर तैयार हुआ सिलेबस, रामचरित मानस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया जा रहा, ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति के पहलुओं का गहन अध्ययन

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

टीवी पर रामायण सीरियल देखने और रामचरितमानस का पाठ करने वालों ने सुना-पढ़ा होगा कि भगवान श्रीराम के दौर में राम नाम लिखे पत्थर भी पानी पर तैरते थे, जिसे रामसेतु के नाम से जाना जाता है। लंकेश रावण भी पुष्पक विमान में उड़ता था लेकिन देश की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति के इस पुरातन विज्ञान को दिनों दिन भूलती जा रही। इस ज्ञान-विज्ञान को अविस्मरणीय बनाने के लिए जोर-शोर से प्रयास किए जा रहे हैं। अब श्रीरामचरित मानस से जुड़े भौतिक, रसायन, जीव, पर्यावरण के साथ औषधीय विज्ञान से विद्यार्थी रूबरू हो रहें हैं। चौपाइयों को वैज्ञानिक नजरिए से पढ़ाने के लिए पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा एक नए कोर्स की किताबों में समेटकर पिछले छह साल पढ़ाया जा रहा है। अब तक इसमें 150 लोगों ने दाखिला लिया है। विवि में पढ़ाए जा रहे सि कोर्स के विषय का पूरा नाम है विज्ञान के माध्यम से समाज कल्याण पर रामचरित मानस में डिप्लोमा।

कई विश्वविद्यालयों में त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े हुए प्रसंगों, जिनका धार्मिक ग्रंथ रामायण में मिलता है, पर अध्ययन और शोध कार्य अब प्रारंभ किए हैं। सुन्दर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी ने दर्शनशास्त्र के लिए रामचरितमानस और प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए भगवद्गीता तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र से प्रसंग निकालकर यह पाठ्यक्रम तैयार किया है। प्रोफेसरों के मुताबिक रामचरितमानस की चौपाइयों में जिक्र किए गए रावण के पुष्पक विमान या रामसेतु का पत्थर या राम रावण युद्ध में चलने वाले तीर हो या फिर आकाशवाणी हो, इन तमाम बातों को यूनिवर्सिटी के इस डिप्लोमा कोर्स में अलग-अलग विषयों की किताबों के जरिए यह बताने की कोशिश की गई है कि सनातन धर्म रामचरितमानस विज्ञान पर आधारित हैं।



अलग खबर

### पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में एक से लेकर तीन साल का डिप्लोमा कोर्स, ग्रहों की गुरुत्वाकर्षण शक्ति, आकर्षण एवं विकर्षण के धार्मिक और वैज्ञानिक पक्ष पढ़ाए जा रहे

#### धार्मिक महत्व के साथ वैज्ञानिक पहलु उजागर

विवि का कहना है कि रामायण की धार्मिक महत्ता तो सब जानते हैं लेकिन रामायण के वैज्ञानिक पहलू, उसका प्रकृति से संबंध, पर्यावरण और प्राणी विज्ञान से जुड़ाव जैसे वैज्ञानिक पहलुओं को उजागर करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है। विवि में चल रहे रामचरितमानस पर एक से तीन साल का डिप्लोमा कोर्स है। इस कोर्स की फीस 3,200 रुपए है और एडमिशन के लिए 12वीं पास होना चाहिए। उम्र का कोई बंधन नहीं है। कोर्स का संचालन हिंदी विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी की वेबसाइट https://www.pssou.ac.in/ पर संपर्क किया जा सकता है। कोर्स का पूरा ध्यान रामचरित मानस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करना है।

#### हर साल बढ़ रहे स्टूडेंट्स

| सत्र | स्टूडेंट्स |
|---|---|
| 2018-19 | 5 |
| 2019-20 | 14 |
| 2020-21 | 22 |
| 2021-22 | 28 |
| 2022-23 | 17 |
| 2023-24 | 28 |
| 2024-25 | 26 |
| कुल संख्या | 150 |

#### हनुमानजी कैसे राम नाम लेकर हवा में उड़ने लगते थे

विश्वविद्यालय ने इस पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यसामग्री अयोध्या की रामायण समिति के सहयोग से तैयार करवाई है। पाठ्य सामग्री में बताया गया है कि सभी ग्रहों की गुरुत्वाकर्षण शक्ति, आकर्षण एवं विकर्षण आदि के धार्मिक और वैज्ञानिक पक्ष भी पढ़ाए जा रहे हैं। पाठ्यक्रम में जैव विविधता का भी समावेश किया गया है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी रामचरितमानस में अंतर्निहित विभिन्न ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति के पहलुओं का गहन अध्ययन कर सकेंगे। जैसे कि समुद्र में राम नाम के पत्थर कैसे तैरे। रावण का पुष्पक विमान मन की गति से कैसे उड़ान भरता था। किष्किंधा के राजा वानर राज बाली के पास ऐसी कौन सी विद्या थी, जिससे वह रोज सुबह पृथ्वी के ढाई चक्कर लगा लेता था। आकाशवाणी कैसे होती थी। हनुमानजी कैसे राम नाम लेकर हवा में उड़ने लगते थे।

#### पूरा ध्यान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से छात्रों के समक्ष रखने पर

विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों के मुताबिक इस कोर्स में पूरा ध्यान रामचरित मानस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करने पर रखा गया है। सांस्कृतिक, सामाजिक विरासत में सामाजिक समरसता के विरोध में कुछ बातें हैं जो समाज को जाति वर्ग में बांटकर धार्मिक जीवन पद्धति में बाधक बने हुए हैं। समाज की संकीर्णता को दूर करने के लिए धार्मिक किताबें पढ़ने और उसके अन्दर छुपे विज्ञान को बाहर लाकर व्यावहारिक सामजिक बदलाव लाने रामचरित मानस में डिप्लोमा कोर्स कराया जा रहा है।

#### 6 साल से पढ़ाया जा रहा

देश की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति के इस पुरातन विज्ञान को दिनों दिन भूलती जा रही। इस ज्ञान-विज्ञान को अविस्मरणीय बनाने के लिए जोर-शोर से प्रयास किए जा रहे हैं। अब श्रीरामचरित मानस से जुड़े भौतिक, रसायन, जीव, पर्यावरण के साथ औषधीय विज्ञान से विद्यार्थी रूबरू हो रहें हैं। चौपाइयों को वैज्ञानिक नजरिए से पढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक नए कोर्स की किताबों में समेटकर पिछले 6 साल पढ़ाया जा रहा है।

**- भुवन सिंह राज,** कुलसचिव पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय

### लालखदान ओवरब्रिज पर चलना हुआ खतरनाक, हादसे की आशंका

# फंड की कमी के चलते मरम्मत बंद, आरओबी पर झांक रही छड़, उड़ रहा धूल का गुबार


लालखदान ओवरब्रिज पर दिख रही छड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान ओवरब्रिज की हालत खराब है, सड़क पर चलने वालों का सामना धूल और गड्ढों से हो रहा है। ओवरब्रिज की हालत यह है कि कांक्रीट उखड़ चुकी है और अब छड़ झांकने लगी है, इससे दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ है, लेकिन विभाग के अधिकारी अबतक मरम्मत को लेकर टेंडर नहीं कर सके हैं।

प्यास लगने पर कुंआ खोदने जैसी स्थिति पीडब्ल्यूडी के सेतु निगम में जारी है। दरअसल बारिश से पहले सभी पुल-पुलिया की मरम्मत की जिम्मेदारी सेतु निगम की होती है, फंड के अभाव में विभाग ने इस बार टेंडर तक नहीं किया है, जिसके चलते ज्यादातर पुल-पुलिया की स्थिति यह है कि इसमें चलने वाले लोगों का सामना गड्ढों से हो रहा है। लालखदान ओवरब्रिज पर बनी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें हो चुके हैं।



ओवरब्रिज के ऊपर बने कांक्रीट की सड़क उखड़ चुकी है, बारिश के पानी के कारण स्थिति और भी खराब हो चुकी है, गड्ढों से छड़ दिखने लगी है, जिससे वाहनों के टायर फंसने का अंदेशा भी मंडराने लगा है। ऐसे में सेतु निगम मरम्मत के बजाए अब टेंडर लगाने की बात कह रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा कई ओवरब्रिज के लिए टेंडर लगाया जा रहा है। ऐसे में बारिश के बाद भी पुल सुधरने के आसार है, तब तक राहगीरों को धुल और गड्ढों से होकर ही गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

#### कई बार हो चुका है हादसा

पुल बनने के बाद से ही पुल पर कई बार हादसे हो चुके है। पुल के ढलान और रेलवे द्वारा किए निर्माण कार्य को लेकर कई बार लोगों ने शिकायत की है, लेकिन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। 10 साल के लंबे अंतराल के बाद बनकर तैयार हुए पुल की हालत समय के साथ ही जर्जर हो रही है। पुलिस में सुबह से शाम तक मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहा है। खास बात यह है कि रात के समय पुल पर बिजली नहीं होती है, जिससे आए दिन लूट-पाट, चैन स्नेचिंग, मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं।

#### बजट का प्रावधान नहीं

बजट में मरम्मत का प्रावधान नहीं होने के कारण विभाग साल भर से हाथ पर हाथ धर बैठा था, बारिश से पहले पुलों की मरम्मत की जानी थी, लेकिन फंड नहीं होने के कारण मरम्मत नहीं की जा सकी। अब विभाग के अधिकारी टेंडर लगाने की बात कह रहे हैं।

#### की जाएगी मरम्मत

अभी टेंडर प्रक्रियाधीन है। जल्द ही टेंडर होने के बाद मरम्मत का काम किया जा सकेगा। बारिश के दौरान सामान्यत: मरम्मत नहीं किया जाता है, लेकिन अधिकारियों से चर्चा कर काम कराया जा सकता है।

**- एचसी वर्मा,** एसडीओ, सेतु निगम


मिनोचा कालोनी स्मार्ट सिटी रोड पर जीपीएम के डीईओ की दुर्घटनाग्रस्त कार।

# डीईओ की कार व क्रेन में भिड़ंत, कार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिनोचा कालोनी स्मार्ट सिटी रोड पर जीपीएम के जिला शिक्षा अधिकारी की कार व क्रेन मे जबरदस्त भिड़ंत हो गई। कार के चारों एयर बेग खुलने से अधिकारी बाल बाल बच गए। पुलिस ने क्रेन को यातायात थाने में खड़े करा दिया है।


घायल डीईओ

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शहर से उसलापुर के ओर जा रहे कार क्रमांक सीजी 02 बीए, 0990 से जीपीएम के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी जा रहे थे, साथ में उनकी पत्नी भी थीं। शाम 4 बजे मिनोचा कालोनी स्मार्ट सिटी रोड पर सामने से आ रहे क्रेन से उनकी कार की जबरदस्त टक्कर हो गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण कार के चारों एयर बेग बाहर निकल गए। जिससे उसमें सवार पति पत्नी बाल बाल बच गए। उन्हें मामूली चोट आई है। सूचना मिलते ही डायल 112 व सिविल लाइन थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंच गई। कार सवार पति पत्नी को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। श्री तिवारी ने बताया कि वे शिफ्टिंग के लिए सामान लेने शहर आए थे और पति पत्नी पेंड्रा जा रहे थे। बहरहाल हादसे की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई गई थी। पुलिस ने क्रेन को यातायात थाने में खड़े कर दिया है।

### कृषि विभाग का उड़नदस्ता लगातार कर रहा कार्रवाई

# खाद दुकानों में छापामार कार्रवाई, गोदाम सील, लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों से खाद-बीज का उठाव करने के बाद अब किसान निजी दुकानों में भी खाद की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। किसानों को शासन के बनाए नियमों के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त खाद सही कीमतों पर उपलब्ध कराने कृषि विभाग की उड़नदस्ता टीम ने दुकानों में छापामार अभियान चलाया है। इस दौरान कोंचरा के एक गोदाम को सील करते हुए अलग-अलग कारणों से अनेक दुकानदारों को नोटिस दिया गया है, कुछ दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की गई है।

धान की बोनी का काम अपने अंतिम चरण पर है। किसानों द्वारा अब खाद का छिड़काव भी किया जाने लगा है। बड़े किसानों द्वारा तो खाद व बीज की व्यवस्था सहकारी समितियों के माध्यम से काफी पहले ही कर ली गई थी। वहीं अब छोटे व बिना पर्ची वाले किसान निजी दुकानों में जाकर खाद की खरीदारी कर रहे हैं। खाद दुकानदारों द्वारा किसी भी तरह की कालाबाजारी न की जा सके व किसानों को गुणवत्ता युक्त एवं सही कीमत पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा छापामार अभियान चलाया गया था। इसके अंतर्गत बिल्हा, मस्तूरी व तखतपुर की उर्वरक दुकानों में छापामार कार्रवाई की गई।

उक्त सभी कृषि केंद्रों को स्पष्टीकरण तामिल हेतु सात दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन एवं जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया समय सीमा एवं संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने पर लाइसेंस के निलंबन व निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।



#### पॉस मशीन के बगैर विक्रय न करने की चेतावनी

जिले में संचालित समस्त उर्वरक विक्रेताओं को बिना पॉस मशीन के उर्वरकों का विक्रय नही किये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित निरीक्षकों से उनके कार्य क्षेत्र अन्तर्गत संचालित उर्वरक विक्रेताओं से पॉस मशीन की मांग करने हेतु निर्देश दिये गए हैं।

#### जारी रहेगा अभियान

उर्वरक दुकानों में छापामार अभियान अभी जारी रहेगा। किसानों को सही कीमत पर सही गुणवत्ता वाले उर्वरकों की बिक्री की जाए। किसी भी तरह की शिकायत या छापामार कार्रवाई में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने संबंधित दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**- पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

#### इन दुकानों पर कार्रवाई

- रतनपुर के उन्नत कृषि केन्द्र में जांच के दौरान क्रेताओं को बिना बिल दिए खाद बेचने की जानकारी मिली। इस दुकान संचालक को नोटिस जारी किया गया है।
- मेसर्स शेखर कृषि केन्द्र कोनचरा को बिना आईएफएमएस, आईडी के व्यवसाय करते पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंध कर उपलब्ध स्टॉक जब्त कर नोटिस किया गया है। यहीं अतुल कृषि केन्द्र के गोदाम को सील किया गया है।
- बिल्हा के मदनपुर में राघवेन्द्र देवांगन की दुकान से विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। किसान सेवा केन्द्र तखतपुर की एक फर्म ने नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया, उनके लाइसेंस को 15 दिन के लिए सस्पेंड किया गया है।
- जयरामनगर स्थित पटेल कृषि केंद्र को नोटिस जारी किया गया। यहीं के अजय ट्रेडर्स को भी कारण नोटिस दिया गया है।
- जगन्नाथ कृषि केंद्र में एक्सपायर हुए कीटनाशक का स्कंध पाए जाने पर 21 दिन के लिए विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए सील करने की कार्रवाई की गई।



# ग्रामीणों ने बचाई जंगल के गड्ढे में फंसे ऊंट की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के जंगल में एक ऊंट भटकते हुए पहुंचा और वहां गड्ढे में गिर गया, जिसे देखने के बाद ग्रामीणों ने मिलकर उसे बाहर निकलकर जान बचाई। बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में काफी गड्ढा है, जहां शनिवार की शाम एक ऊंट गिर गया। गहरा गड्ढा होने के कारण वह बाहर निकल सका। ऊंट की आवाज सुनकर ग्रामीण वहां एकत्रित होने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को देने के बजाय नगर पालिका अध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप अपने छोटे भाई बिज्जू कश्यप व कुछ युवकों के साथ शाम को ही मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर गड्ढे में फंसे ऊंट को बचाने कोशिश की। रात के अंधेरे में ऊंट को बाहर निकला जाना मुश्किल था। रविवार की सुबह ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और एकजुट होकर पूरी मेहनत से रेस्क्यू करते हुए ऊंट को सही सलामत बाहर निकाला।

**खबर संक्षेप**

## दवा व्यापारियों ने शहर विधायक अमर को दी बधाई



**बिलासपुर।** देश में स्वच्छता के लिए बिलासपुर को द्वितीय स्थान मिलने पर पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल को दवा विक्रेताओं ने बधाई दी। इस दौरान प्रमुख दवा व्यवसायी महेश अग्रवाल, हरजीत सलूजा, हर्ष द्विवेदी, दीपक अग्रवाल, आशीष गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, शिवा कानाबोर, विकास मित्तल, प्रतीक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## धर्मजागरण में बिलासपुर का योगदान अतुलनीयः विनयकांत



**बिलासपुर।** श्रीधाम वृंदावनवासी, मानस मर्मज्ञ, भजन गायक व कथाकार आचार्य विनयकांत त्रिपाठी महाराज का शनिवार को 19 जुलाई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर आत्मीय स्वागत किया गया। समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बैंकर्स क्लब समन्वयक ललित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, निशा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराजश्री के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश में शांति, सद्भाव, भाईचारे को बनाए रखने के लिए 100% हिंदुओं के निरापद हिंदूराष्ट्र बनाने प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह व्रत ग्रहण करने का आग्रह किया। पांच वर्षों से लगातार नववर्ष पर देश मे पहली बार प्रख्यात हिंदुत्ववादी चिंतक सुनील अग्रवाल द्वारा संपादित एवं हिंदू दैनंदिनी न्यास बिलासपुर से प्रकाशित होने वाली हिंदू दैनंदिनी युगाब्द 5127 की प्रति भेंट की गई। विनयकांत ने आने वाले युग के लिए इस प्रयास को मील का पत्थर बताते हुए लोगों से इसका प्रयोग करने की सलाह दी।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह उपसमिति अरपांचल की बैठक



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पं क्रमांक 1282 उपसमिति अरपांचल की बैठक आज महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन दीनदयाल कालोनी मंगला में हुई। इसकी अध्यक्षता उपसमिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर ने की। अध्यक्ष ने समाज के महिला मंडल को सैनिकों के लिए रक्षाबंधन पर्व के लिए राखी भेजने के लिए और सावन उत्सव मनाने कहा। इसके लिए महिला मंडल ने कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित करने अध्यक्ष का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गजाधर सिंह ठाकुर, केन्द्रीय निर्णायक सदस्य भोला सिंह ठाकुर, संतोष क्षत्रिय, सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर, महिला अध्यक्ष लीली ठाकुर, महिला सचिव सुल्क्षणा बैस, डॉ राजीव सिंह डौड़, नंदकिशोर ठाकुर,मंगल सिंह ठाकुर,होरी सिंह,कैलश सिंह,सनत सिंह चिंतामणि सिंह परिहार, राजेश सिंह परिहार आदि मौजूद थे।

## दिल्ली में बिलासपुर की बेटी आंचल को मिला सम्मान



**बिलासपुर।** बिलासपुर की बेटी को मिला सम्मान आंचल अगिचा को जन उत्थान सोशल वेल्फेयर सोसाइटी में महिला सशक्तिकरण और सीएससी के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शूलीनि यूनिवर्सिटी एवं सीएससी द्वारा समानित किया गया। सीएससी दिवस पर यश्योभूमि सभागार नई दिल्ली में मुख्य अतिथि रेल मंत्री वैष्णव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय जितिन प्रसादा, सीएससीएसपीवी के मैनेजिंग डायरेक्टर के साथ दीप प्रज्जवलित करने करने का अवसर प्राप्त हुआ। बिलासपुर की बेटी ने अपने अद्धितीय कार्य और समर्पण से शहर का नाम रोशन किया है। यह सम्मान न केवल बेटी के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। आंचल ने अपने कार्य क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है और अपने समर्पण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनी।

## पेंटिंग स्पर्धा में माधवी, स्निधा और फाल्गुनी ने मारी बाजी




**बिलासपुर।** रोटरी बिलासपुर क्वींस ने पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता स्पलेश 25 का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शीर्षक था जल प्रतियोगिता में सभी बच्चों का सराहना पत्रक के साथ फोटो लेकर उनके माता पिता को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के संदेश भेजे गए। जूनियर ग्रुप में प्रथम माधवी मानिकपुरी, द्वितीय स्निधा श्रीवास्तव एवं तृतीय फाल्गुनी राजपूत रही। सीनियर ग्रुप में प्रथम राजपूत, द्वितीय श्रुति कौशिक एवं तृतीय लुतिका राजपूत रहीं। सभी विजेताओं को रोटरी क्वींस अध्यक्ष सीमा ठाकुर ने ट्रॉफी दी। कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मनोज यादव, प्रधान पाठिका गरिमा शाहनी, मुबस्सीर अहमद एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रियंका जीवनानी, रचना सिंह, रश्मि पटेरिया एवं स्वाति श्रीवास्तव, प्रकृति वर्मा, मनीषा जयसवाल, वंदना सिंह, चंदन चोपड़ा, रुचिका तिब, बुश आदि का सहयोग रहा।

**अव्यवस्था**

### उपचार तो दूर एंबुलेंस की सुविधा लेने के लिए भी यात्रियों को पहले 500 रुपए जमा करना पड़ता है

# स्टेशन में खुली है अरपा मेडिसिटी, लेकिन यात्रियों के लिए फ्री नहीं

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर घायल और बीमार यात्रियों के लिए अरपा मेडिसिटी खोला गया है, लेकिन इस मेडिसिटी हास्पिटल में यात्रियों के लिए कोई भी फ्री में उपचार की सुविधा नहीं है। उपचार तो दूर एंबुलेंस की सुविधा लेने के लिए भी यात्रियों को पहले 500 रुपए जमा करना पड़ता है, जिसके बाद ही उन्हें दूसरे हास्पिटल तक जाने गाड़ी उपलब्ध हो पाती है।

ट्रेन में प्रतिदिन हजारों, लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। इन यात्रियों में कई यात्री बीमार भी होते हैं। कभी-कभी किसी बात को लेकर चलती ट्रेन में आपसी विवाद और मारपीट की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसकी वजह से यात्री गंभीर रुपए से घायल हो जाते हैं। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने खान-पान से लेकर दूसरी अन्य




सुविधाएं तो उपलब्ध कराई है, लेकिन अब तक चलती ट्रेन में उपचार करने के लिए कोई भी डॉक्टर की सुविधा नहीं दी गई है। वर्तमान में रेलवे का ऐसा नियम है कि ट्रेन में सफर करने वाले किसी यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ जाए तो इसकी रिपोर्ट संबंधित टीटीई के माध्यम से कंट्रोल रूम को दी जाए, जिसके उपरांत संबंधित स्टेशन में ट्रेन स्टापेज होते ही डॉक्टर की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही ट्रेन में डॉक्टर को छूट भी दी जानी है, जिसकी छूट काफी कम होने के कारण कोई भी डॉक्टर अपने संबंध में रेलवे आरक्षण कार्यालय में फार्म भरने के दौरान जानकारी उपलब्ध नहीं कराते हैं। इसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरे स्टेशन के साथ बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन और स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के साथ भी इसी तरह की परेशानियां है। जोनल रेलवे स्टेशन में कई बार चलती ट्रेन में सवार होने के दौरान यात्री घायल हो चुके हैं, वहीं कंट्रोल से यात्रियों के तबीयत बिगड़ने की भी सूचनाएं प्रतिदिन मिलती रहती है। इस सूचना पर डॉक्टर को स्पेशली बुलाया जाता है, डॉक्टर जब तक स्टेशन पहुंचते हैं तब तक यात्री दम तोड़ देता है। इस तरह की घटनाएं महीने में एक दो बार हो जाती है।

### उपचार का लेते हैं 100 रुपए

स्टेशन में अगर कोई यात्री घायल हो जाए तो उसके लिए जीआरपी और आरपीएफ को डायल 108 या राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली एंबुलेंस सेवा के लिए कॉल करना पड़ता है, जिसे स्टेशन तक पहुंचने में ही काफी समय लग जाता है। स्टेशन के गेट नम्बर एक कटनी की ओर ओपन किए गए अरपा मेडिसिटी के पास एंबुलेंस की सुविधा भी है, लेकिन उस सुविधा को घायल यात्रियों को देने के लिए 500 रुपए का चार्ज किया जाता है। इसके अलावा कोई बीमार या घायल यात्री अपना इलाज कराने के लिए अरपा मेडिसिटी तक पहुंचते हैं तो उनसे 100 रुपए की फीस भी ली जाती है।

### नियम के बाद भी डॉक्टर नहीं

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अरपा मेडिसिटी को एक स्टॉल की तरह ठेके में संचालन करने के लिए दिया गया है, जिसका लायसेंस फीस रेलवे वसूल करती है। अरपा मेडिसिटी में नियम के अनुसार 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध होने चाहिए, ताकि इमरजेंसी भी यात्रियों को उपचार की सुविधा समय पर मिल सके। इस नियम के विपरीत कार्य यहां होता है। मरीज जब मेडिसिटी के स्टॉल में पहुंचते हैं तो वहां डॉक्टर नहीं मिल पाते हैं। डॉक्टर को इमरजेंसी में कॉल कर बुलाना पड़ता है, तब तक यात्रियों की ट्रेन स्टेशन से छूट चुकी होती है।

### दिया गया है ठेके पर

स्टेशन पर अरपा मेडिसिटी को ठेके पर दिया गया है, जिसका लायसेंस फीस वह रेलवे को देता है। वहां रेलवे के नियमानुसार ही पूरा कार्य किया जाना है, जिसके तहत यात्री का उपचार करने के लिए 100 रुपए और मेडिसीन के एमआरपी रेट के अनुसार उन्हें देना होगा। जो भी नामिनल चार्ज है उसे देकर यात्री सुविधा ले सकते हैं।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### भरपूर बारिश से खेत लबालब, किसानों के चेहरे खिले

# अच्छा होही धान, बारिश से खुश हैं किसान



खेत में धान का रोपा लगाते किसान।



खेत में हल चलाता किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले कई सालों से मानसून के समय पर नहीं पहुंचने या पहुंच जाने के बाद भी निष्क्रिय रहने के कारण अच्छी बारिश नहीं होने से धान की बोनी पिछड़ने की लगातार शिकायत आती रही है।

बारिश का बीते दस वर्षों का आंकड़ा देखें तो यह पहला साल है जब किसानों को खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर भरपूर बारिश हुई है। छिड़काव पद्धति से बोनी करने वाले किसान तो पहले ही काफी आगे चल रहे थे, वहीं रोपा लगाने वाले किसान भी न केवल फुर्सत हो गए हैं, बल्कि भरपूर उत्पादन को लेकर आश्वस्त भी हैं। खरीफ के लिए 1 लाख 75 हजार हेक्टेयर धान के रकबे में धान की बोनी करने का लक्ष्य लेकर किसान इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मानसून इस साल समय से पहले पहुंचा, लेकिन शुरूआती दौर में अपेक्षित बारिश नहीं हुई, लेकिन इतनी बारिश जरूर हो गई, जिससे बोता पद्धति से बोनी करने वाले किसानों को इसका लाभ मिल गया। कुछ दिनों तब बारिश होने के बाद बारिश लंबे समय के लिए थम गई थी। इस दौरान बोता पद्धति से बोनी करने वाले किसानों ने मौके का लाभ उठाते हुए बोनी कर ली। इनमें ऐसे किसान भी शामिल हो गए, जो बीते वर्षों तक रोपा पद्धति से खेती करते थे। इसका नतीजा ये हुआ कि बोनी के प्रतिशत में जल्द ही बढ़ोतरी हो गई। जिले में इस साल 1 लाख 8 हजार हेक्टेयर में बोता पद्धति से बोनी की जानी है। रोपा पद्धति से धान लगाने वालों के सामने शुरूआती दौर में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। जिनके पास अपने बोर थे, उन्होंने तो समय पर न केवल नर्सरी तैयार कर ली, बल्कि रोपाई भी प्रारंभ कर ली थी।

### जिले की सभी तहसीलों में औसत से ज्यादा बारिश

बारिश के मामले में कोटा तहसील को छोड़कर शेष अन्य सभी तहसीलों में बीते दस सालों की औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इसके अंतर्गत बेलगहना तहसील में 1 जून से आज दिनांक तक 631 5 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जबकि इस तहसील का बीते दस वर्षों का औसत 356 8 मिलीमीटर रहा है। इसी तरह जिले की 12 तहसीलों में कोटा एकमात्र ऐसी तहसील है जहां बीते दस वर्षों की औसत से कम बारिश दर्ज की गई। कोटा में इस अवधि तक बीते दस सालों की औसत वर्षा 368 7 मिलीमीटर दर्ज है, जबकि इस साल अब तक कोटा में 348 4 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई है, जो कि औसत से थोड़ा कम है।

### सही समय पर हो रही बारिश

धान की बोनी के लिए सही समय पर इस साल बारिश तो होती ही रही है, वहीं जिले के सभी हिस्सों में किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार व उचित समय पर बीज व खाद भी उपलब्ध कराए गए हैं। खाद, बीज व बारिश के सही समय पर मिलने के कारण ही निश्चित रूप से इस साल धान की भरपूर फसल की संभावना बन रही है।

**-पीडी हथेश्वर**, डीडीए बिलासपुर

**आरोपी शिक्षक की अपील खारिज**

## अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- **आरोपी को निचली अदालत ने 5 वर्ष कैद एवं 2000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है**

हाईकोर्ट ने अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्ष की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी शिक्षक की सजा के खिलाफ पेश अपील खारिज कर दी है। साथ ही रजिस्ट्री को आदेश की प्रति संबंधित जेल अधीक्षक को भेजते हुए शेष सजा पूरा करने कहा है। आरोपी शिक्षक को 5 वर्ष कैद एवं 2000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

मुंगेली जिला अन्तर्गत निवासी अपीलकर्ता अमित सिंह शासकीय हाई स्कूल में व्याख्याता के पद पर कार्यरत था। स्कूल में पढ़ने वाली 13 साल की छात्रा की मां ने 25 अगस्त 2022 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शिक्षक ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ किया है। पुलिस ने पीड़िता के अनुसूचित जाति/जनजाति का सदस्य होने के कारण, भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के अंतर्गत अपराध कायम किया। साथ ही यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 10 और अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया।

विचारण न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 5 वर्ष कैद एवं 2000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ शिक्षक ने हाईकोर्ट में अपील पेश की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## डीपीएस के हेलीपैड में सीएम साय का किया स्वागत



**बिलासपुर।** प्रदेश शासन के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शहर पहुंचे। डीपीएस स्कूल के हेलीपैड में भाजपा की जनप्रतिनिधि संगठन पदाधिकारी तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। विधायक अमर अग्रवाल के साथ प्रदेश भाजपा कार्य समिति के सदस्य अमरजीत सिंह दुआ ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

श्री दुआ ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ तेजी के साथ प्रगति कर रहा है। श्री साय आज रजक समाज के कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी समाज का उत्थान और विकास हो रहा है। सिख समाज के साथ-साथ प्रदेश के सभी समाजों के उत्थान के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।

तिफरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में हेलीपैड में स्वागत के दौरान विधायक सुशांत शुक्ला, धरमलाल कौशिक, केडाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सवननी, हर्षिता पांडे, नितिन छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, गुलशन ऋषि, विवेक ताम्रकार, महर्षि बाजपेई तथा भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

## थानेदार व पुलिस कर्मी सड़क से हटा रहे मवेशी, जिम्मेदार नदारद



**बिलासपुर।** नेशनल हाइवे व शहर के सड़कों से थानेदार व पुलिसकर्मी सड़क में उतरकर मवेशी हकालने का नया काम मिल गया है। आलम यह है कि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन पेट्रोलिंग कर सड़क बैठने वाले मवेशियों को हटाने में व्यस्त हो गए हैं, जबकि सड़क से मवेशी हटाने वाले जिम्मेदार विभाग नदारद हो गया है। ज्ञात हो कि 15 जुलाई को रतनपुर पेंड्रा रोड नेशलन रोड बारीडीह के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचल दिया था। हादसे में 13 मवेशियों की मौत हो गई थी, वहीं 4 घायल हो गए थे। हाईकोर्ट ने हादसे को संज्ञान में लेते हुए नाराजगी जताई थी। उसके बाद से रतनपुर थानेदार व पुलिसकर्मी नेशनल हाइवे में पेट्रोलिंग कर सड़क में पाए जाने वाले मवेशियों को पकड़कर गले में रेडियम पट्टा लगाकर सड़क से बाहर कर रहे हैं। इसी तरह शहर में भी थाने के पुलिसकर्मी शहर में भ्रमण कर सड़कों पर नजर आने वाले मवेशियों को हकालने में लगे हुए हैं। नियमानुसार, नेशनल हाइवे में मवेशी नहीं आए इसकी जिम्मेदारी टोलप्लाजा की होती है। मवेशियों को हटाने के लिए हर टोलप्लाजा में दो पेट्रोलिंग पार्टी है। उन्हें नेशनल हाइवे में भ्रमण कर मवेशियों को हटाना चाहिए। इसी तरह शहर के अंदर नगर निगम विभाग को भ्रमण कर मवेशियों को हटाना चाहिए। किन्तु दोनों विभाग जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

## आत्मानंद एमएलबी की छात्राओं ने जाना यातायात के नियम

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान के तहत आज जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में चेतना-छात्र जागरूकता अभियान स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मी बाई मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल दयालबंद में किया गया। इसका शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे एवं विद्यालय प्राचार्य कौशिक, आरटीओ, महिला बाल विकास एवं अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी की उपसस्थिति में किया गया। मुख्य वक्ता एएसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि छात्र जीवन सम्पर्ण जीवन काल का स्वर्णिम समय होता है और इस उम्र में किए गए मेहनत से ही आगे भविष्य का स्वरूप निर्मित होती है। सभी छात्राओं को सदैव सकारात्मक दिशा में निरंतर मेहनत कर अपने अपने बेहतर भविष्य की आधार रखनी चाहिए। कानूनों का विधिवत पालन करनी चाहिए। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन कर यातायात, साइबर, नशामुक्ति, नारी जागरण, महिला एवं बाल अपराध, मोबाइल एडिक्शन/ लत, चेतना शियान आदि पर आधारित नृत्य,गायन, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से विशेष संदेश दिया। कार्यक्रम में उमाशंकर पांडेय, शैलेंद्र सिंह, विकास वर्मा, रेखा गुल्ला, चुन्नी मौर्य, पार्वती मौर्य, आरती अनंत, श्रुति जनकल्याण फाउंडेशन आदि मौजूद थे।



### वाटर कूलर में आरओ नहीं, दूषित पानी पीने की मजबूरी

# बिलासा एयरपोर्ट का कैंटीन बंद, यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **टैक्सी, कैंटीन जैसी सुविधाओं का अभाव**

संभाग के एकलौते एयरपोर्ट की हालत यह है कि यहां आने वाले यात्रियों को जरूरत के समय खाना तक नसीब नहीं हो रहा है। पिछले 1 माह से कैंटीन बंद है। सुविधाओं की उपेक्षा का आलम यह है कि डिपार्चर हाल में कैंटिन बनाया गया है, वह भी बंद कर दिया गया है। वहीं वाटर कूलर में आरो काम नहीं कर रहा है, ऐसे में लोगों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में जन सुविधाओं की स्थिति खराब है। अन्य प्रदेशों के एयरपोर्ट से तुलना करने पर यहां के हालत बदहाली बयां कर रहे हैं। टैक्सी सुविधाओं का हाल पहले से ही बुरा है, पर्याप्त यात्री मिलने के बाद उन्हें टैक्सी की सुविधा नहीं मिलती है, वहीं




प्रबंधन अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है। एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर कोई कैंटीन या टॉयलेट नहीं होने के कारण यात्रियों को छोड़ने आने वाले परिजनों को खासी दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। एयरपोर्ट के डिपार्चर हाल का एकमात्र कैंटीन महीने भर से बंद है। जी डायमंड होटल समूह द्वारा कैंटीन का ठेका चलाया जा रहा था, लेकिन बिना किसी सूचना के कैंटीन बंद किया गया है, प्रबंधन इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहा है। वाटर कूलर सीधे नल का पानी पीने के लिए उपलब्ध करा रहा है, बारिश का सीजन होने के कारण यह दूषित हो चुका है।

एयरपोर्ट पर अराइवल हॉल निर्माणधीन है ऐसे में यात्रियों को अपना लगैज स्वयं के कंधें पर उठाना पड़ रहा है, कन्वेयर बेल्ट तक नहीं लगााया जा सका है। यात्री सुविधा का अभाव होने के कारण अब कई यात्री यहां से यात्रा करने के बजाए रायपुर से फ्लाइट पकड़ रहे है। जिससे बिलासा एयरपोर्ट को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### समिति ने की अपील

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एयरपोर्ट प्रबंधन, जिला प्रशासन और राज्य सरकार से अपील कर नई टर्मिनल बिल्डिंग स्वीकृत करने की बात कही है। वहीं पुरानी टर्मिनल बिल्डिंग में आवश्यक सुधार और विस्तार जल्द पूरा करने की मांग की है। समिति का धरना जारी रहा, इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, केशव गोरख, आशुतोष शर्मा, अमर बजाज, शेख अल्फाज, शाहबाज अली, मोहसिन अली, अखिल अली, रिया वस्त्रकर और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## यूपीएस स्कीम लागू करना कर्मचारी वर्ग के साथ अन्याय



**बिलासपुर।** छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने छग सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम की जगह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू करने का पुरजोर विरोध किया है। श्री तिवारी ने कहा कि छग सरकार का यह कदम कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है क्यों कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में पेंशन राशि न्यूनतम 1000 से 3000 तक ही मिलेगी। यह स्कीम पूर्व में लागू एनपीएस से भी ख़राब है क्योंकि यूपीएस स्कीम की प्रस्तावना और क्रियान्वयन भी अभी तय नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार ने उसे लागू कर दिया। उक्त स्कीम के नीति नियम अनुसार सरकारी के साथ साथ गैर सरकारी व्यक्ति भी इस स्कीम को ले सकता है। अतः योग्यता के आधार पर कॉम्पटीशन फेस करके शासकीय सेवा में आए कर्मचारियों और गैर सरकारी में कोई भी अंतर नहीं रह जाएगा। खजाना सिर्फ सरकार का ही भरेगा, कर्मचारी न्यूनतम पेंशन से जीवन के अंतिम पड़ाव में आत्मनिर्भर नहीं रह पायेगा। यदि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में लाभ है तो छग सरकार के सभी मंत्रियों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों को भी इस स्कीम को अपने स्थापना में दर्ज कराया जाना चाहिए। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के आदेश को वापस लेकर पुरानी पेंशन स्कीम को पुनः लागू करे, अन्यथा प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# रजक समाज के लोगों को किफायती दर पर मिलेगा लोन : सीएम



रजक समाज के युवा गाडगे सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रजक समाज का सामाजिक सद्भाव और सेवा भाव हमेशा से अनुकरणीय रहा है। छत्तीसगढ़ के हर गांव में इस समाज की मौजूदगी है। गांव में शादी-विवाह, छट्ठी सहित अन्य सनातनी परम्पराएं इनके सहयोग के बगैर संपन्न नहीं होती। उनके पुश्तैनी व्यवसाय के विकास के लिए राज्य सरकार ने रजककार विकास बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड के जरिए उन्हें पुश्तैनी धंधा के विकास के लिए किफायती दर पर लोन सुविधा मुहैया कराई जाएगी। समाज के युवाओं को और बुलंदियों पर ले जाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास करेगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार सिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित रजक युवा गाडगे सम्मेलन में कही। उन्होंने सम्मेलन में महापुरूष संत गाडगे की पूजा अर्चना कर राज्य स्तरीय गाडगे सम्मेलन का शुभारंभ किया।

श्री साय ने रजक समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों और समाजसेवियों को धोबी समाज की ओर से शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। अध्यक्षता रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने की। विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह थे।



## भारत के विकास में छग का होगा योगदान

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय विजन में हमारे छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान होगा। हमने भी राष्ट्रीय विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेन्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति लागू की है। इस नीति में महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांग लोगों को उद्योग एवं रोजगार के साधन निर्मित करने में खासा तवज्जो दिया गया है। उद्योग नीति से आकर्षित होकर पिछले छह-आठ महीने में साढ़े 6 लाख के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। हमने राज्य के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के द्वार भी खोल दिए हैं। डेढ़ साल में लगभग 10 हजार सरकारी नौकरी युवाओं को दिए हैं। जल्द ही 5 हजार शिक्षक भर्ती के विज्ञापन निकलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के जरिए ही हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और सपने को पूरा करने में मदद मिलती है। शिक्षा से ही रोजगार के अवसर खुलते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध लोकगायिका रजनी रजक ने किया।

## भाजपा शासन में राज्य ने विकास किया

सम्मेलन में श्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमें अलग छत्तीसगढ़ राज्य दिया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में राज्य ने काफी तरक्की की। इसके पहले लोगों को भूखे पेट सोना पड़ता था। लेकिन डॉ सिंह के प्रयासों से लोगों को भुखमरी की समस्या से निजात मिली। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के रूप में राज्य सरकार किए गए अपने हर वादे को पूरा कर रही है। हमने 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रुपए दे रहे हैं। तेन्दूपत्ता की खरीदी 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के हिसाब से किया जा रहा है। श्री साय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास हमारी सरकार का मूलमंत्र है।

जयंती

## पं चन्द्र शेखर आजाद की 119वीं जयंती मनाई गई



**बिलासपुर।** समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच द्वारा क्रांतिवीर पं चन्द्र शेखर आजाद की 119 वीं जयंती पर प्रतिवर्षानुसार आजाद की जीवनी पर निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन मंच के प्रदेश कार्यालय मध्यनगरीय चौक में किया गया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया इस प्रतियोगिता में हिन्दी माध्यम मे विजयी प्रतिभागी प्रथम अवि तिवारी, द्वितीय अनय मिश्र, तृतीय पूर्वी शुक्ला एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रथम कु अर्चिता दुबे, द्वितीय कु दीक्षा त्रिपाठी तृतीय कु तेजस्वीनी दुबे को मंच के प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय ने पुरस्कृत किया। सभा को फिल्म कलाकार सुनील दत्त मिश्र, रश्मि लता मिश्रा ने संबोधित किया प्रतियोगिता के संयोजक मनोहर लाल मिश्र, आदित्य त्रिपाठी, रामशंकर शुक्ल, दिनेश बाजपेयी ने आगामी वर्ष पर इस प्रतियोगिता को महाविद्यालय स्तर तक कराने की घोषणा की अंत में आभार प्रदर्शन रामशंकर शुक्ल ने किया इस अवसर पर सचिव राजेश पाण्डेय, शास्वत तिवारी, योगेश मिश्र, रविशंकर तिवारी, शांति नाथ दुबे, लक्ष्मी कांत दीक्षित,जयंत शुक्ल, सहित मंच के सदस्य शामिल रहें।

आयोजन

## काल गणना, वर्णमाला, वेशभूषा परंपराएं वैज्ञानिक कसौटी पर खरी



**बिलासपुर।** महर्षि विद्या मंदिर बंधुआपारा में महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के तहत सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कियाा गया। जनसमूह को हिंदुत्व में विज्ञान पर जानकारी देते हुए ललित अग्रवाल ने बताया कि हिंदू, धर्म व हिंदुत्व को सही (वास्तविक) परिपेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। भारत में हिमालय से निकलने वाली बारह मासी नदियों का बाहुल्य होने से इसे सिंधुस्थान कहा जाता था, भाषा मुखसुख खोजती हैं। जैसे सप्ताह का हप्ता हुए वैसे ही कालांतर में यहीं अपभ्रंश होकर हिंदुस्थान हुआ तथा यहाँ रहने वाले हिंदू कहलाये। धर्म का अभिप्राय किसी भी पूजा पध्दति से नहीं होता। वरन यह करणीय अकरणीय की कसौटियों का मापदंड होता हैं। जैसे प्यासे को पानी पिलाना, गरीबों की मदद करना, रोगी, असहाय की सेवा करना मानव धर्म हैं। भारत मे रहने वाले प्रत्येक सह्रदय मानव हिंदू हैं, उनके पंथ पूजा पध्दति अलग अलग हो सकती हैं। अब प्रश्न उठता हैं कि हिंदुत्व क्या हैं। तो हिंदुओ के प्रत्येक सद्गुण यथा नारी का सम्मान, सहअस्तित्व में विश्वास, सर्वे भवंतु सुखिन:, जिओ और जीने दो, सभी को अपने अपने तरीके से ईश पूजा करने देना। बड़ो का आदर करना।

भ्रमण

## एनर्जी पार्क में कृषि छात्रों ने अक्षय ऊर्जा तकनीकों का लिया प्रत्यक्ष अनुभव



**बिलासपुर।** बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने नवीकरणीय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी विषय के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण डॉ. मोहम्मद तहसीन अशरफ, अतिथि शिक्षक, कृषि अभियांत्रिकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह शैक्षणिक यात्रा छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (क्रेडा) द्वारा संचालित एनर्जी पार्क, राज किशोर नगर, बिलासपुर में आयोजित की गई। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की व्यवहारिक जानकारी देना तथा उनके कार्य-प्रणालियों को प्रत्यक्ष रूप से समझाना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के कार्यशील मॉडल देखे, सोलर कंसेंट्रेटर कलेक्टर जिससे सूर्य की ऊष्मा एक बिंदु पर केंद्रित कर ऊष्मीय ऊर्जा प्राप्त की जाती है। फ्लोटिंग टाइप बायोगैस प्लांट जलस्रोत पर तैरते हुए बायोगैस उत्पादन की नवीनतम तकनीक, जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है। टाइडल एनर्जी मॉडल: समुद्री ज्वार-भाटे से ऊर्जा उत्पन्न करने की प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है।

कार्यक्रम

## नागपंचमी पर मनेगा चौरसिया दिवस आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार



**बिलासपुर।** बरई-चौरसिया समाज का वार्षिक आमसभा विद्यानगर स्थित शिवमंदिर में आयोजित किया गया। इस दौरान नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस 29 जुलाई को उद्योग भवन सीएमडी चौक में मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद थवाईत व कार्यकारिणी अध्यक्ष रामबनवास ने किया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। समाज के कोषाध्यक्ष रामजी थवाईत ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही समाज के नवनिर्मित भवन के संबंध में चर्चा की गई। नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस पर सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। सर्वप्रथम रुद्राअभिषेक से कार्यक्रम प्रारंभ होगी, इसके पश्चात नागपंचमी पूजा, मुख्य अतिथि का उद्बोधन, नवागत सदस्यों का परिचय, चित्रकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ व्यंजन प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं का सम्मान, विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रतिभाशाली स्वजातीयबंधु का सम्मान व दोपहर में स्वरूचित भोज होगी। बैठक में बलदाऊ प्रसाद महोबिया, यशवंत थवाईत, आनंद थवाईत, अजय थवाईत,राजेश थवाईत, सुरेंद्र थवाईत, दत्तात्रेय तम्बोली, डॉ. अर्चना तम्बोली, अनिता थवाईत, किरण थवाईत, जयंती थवाईत, नंदनी थवाईत आदि उपस्थित रहीं।

## प्रकाश पर्व पर कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पूरब बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें लुधियाना से आए भाई साहब सुरेंद्र सिंह सहज ने कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। इसी उपलक्ष्य में पंजाबी सेवा समिति ने स्वास्थ्य एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया जिसमें 250 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनाया और 235 लोगों ने बी पी शुगर ओर डाक्टरों को दिखा कर स्वास्थ्य लाभ लिया।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पंजाबी सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया,गुरुद्वारे में गुरु का अटूट लंगर की सेवा हुई सब संगत को गुरु का अटूट लंगर छकाया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में विगत 3 दिनों से लुधियाना से आए रागी जत्थों ने कीर्तन की सेवा कर कीर्तन रस गायन किया और सभी जाति धर्म के लोगों ने गुरुद्वारा में माथा टेक शब्द कीर्तन श्रवण किया। गुरु का अटूट लंगर एवं प्रसाद ग्रहण किया आयुष्मान कार्ड शिविर में शासन की तरफ से विशेष सहयोग गिरीश दुबे,मंजीत मड़वा,दिलहरन ध्रुव,विकास पैकरा,गंगासागर का रहा और पंजाबी सेवा समिति के सदस्य अंशु,अजमानी सोनू गांधी, मनदीप सिंह गंभीर, रणबीर अरोरा, नरेंद्र पाल सिंह होरा, मंजीत गंभीर, गुरभेज सिंह चावला, राम मक्कड़, का योगदान रहा। विशेष रूप से गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मनदीप सिंह गंभीर, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा,चरणजीत सिंह गंभीर भी रहे।

## पीली पेटियों में बहनों के रक्षासूत्र भाइयों को पहुंचाएगा विभाग

**बिलासपुर।** भाई-बहनों के अटूट बंधन के त्यौहार रक्षाबंधन पर डाक विभाग भी इस मौके पर खास सुविधा दे रहा है। बहनों की राखी भाईयों की कलाई में समय में बंध इसके लिए शहर में अलग से पीली पेटियां रखी गई है। राखी वाले लिफाफा के लिए अगल से पीले रंग वाली बाक्स लगाई गई है, ये बाक्स शहर के चार स्थानों पर लगाया गया है, ताकि किसी भी बहनों को राखी भेजनें में परेशानी न हो। इसमें बहनें राखी का लिफाफा डाल सकती है, रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें अपने भाइयों को राखी भेजती हैं, चाहे वो देश के किसी भी कोने में क्यों न रहते हों। इसी भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने अभिनव पहल पीली पेटियां जगह-जगह रखकर इसकी शुरूवात की है। इन पेटियों में केवल राखियाँ और उनसे संबंधित पत्र भेजे जा सकते हैं। इन पर विशेष पहचान के लिए पीला रंग चुना गया है, जिससे इन्हें अन्य सामान्य डाक पेटियों से अलग पहचाना जा सके। हर साल लाखों बहनें अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए डाक विभाग की सेवाओं का सहारा लेती हैं। इन पीली पेटियों को प्रतिदिन अलग से खोला जाएगा और इन राखियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोसेस किया जाएगा। स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड डाक को भी इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिकता दी जाएगी ग्राहकों को ट्रैकिंग सुविधा भी दी जा रही है, जिससे वे अपनी राखी की स्थिति जान सकते हैं। डाक विभाग के अधीक्षक विनय प्रसाद ने बताया की यह बहनों की भावनाओं, यादों और दुआओं से भरी होती है। हमारी कोशिश है कि हर बहन की राखी समय पर उसके भाई तक पहुँचे और उनका रिश्ता और भी मजबूत हो।




## पारंपरिक नृत्य-संगीत पर जमकर झूमीं महिलाएं, सावन सुंदरी का किया चयन



**बिलासपुर।** समग्र ब्राह्मण परिषद् जिला मातृशक्ति परिषद् ईकाई द्वारा रविवार को सावन उत्सव का आयोजन किया गया। मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष रमा दीवान एवं जिला सचिव अंजू शर्मा ने आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि कार्यक्रम का आरंभ मातृशक्ति परिषद् की प्रदेश सचिव निलिमा शर्मा एवं प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख राही दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया,पारंपरिक परिधानों व सावन के श्रृंगार में सजी महिलाओं ने उत्सव का खूब आनंद उठाया। सावन से जुड़ी पांरपरिक क गीतों के साथ नृत्य-संगीत के दौर चला,इस दौरान अंताक्षरी, कुर्सी दौड़, आभूषण पहचानो आदि कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मातृशक्ति परिषद् की प्रदेश उपाध्यक्ष शशि द्विवेदी ने बताया कि सावन हमारे बीच उमंग लेकर आता है, महिलाओं को साल भर सावन का इंतजार रहता है। इस आयोजन में को विशेष बनाने के लिये उपस्थित सभी बहनों ने हरे रंग की साड़ी व चूड़ियाँ पहनी, सावन सुंदरी का चयन किया गया, इसमें जया शुक्ला प्रथम, मनीषा शुक्ला द्वितीय एवं सरोज तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में मोहिनी गौराहा ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया, रमा दीवान, अंजू शर्मा एवं श्वेता शर्मा द्वारा कार्यक्रम में मंच संचालन किया गया। इस अवसर पर स्वाति दीवान, प्रिया तिवारी, पूजा पाठक, जया शुक्ला, इंदू दीवान, किरण शर्मा, सरोज तिवारी, रानी पांडेय, नेहा शर्मा, दुर्गा शर्मा, ज्योति शर्मा, उमा शुक्ला, रूखमणी पांडेय, प्रतिभा शर्मा, मनीषा शुक्ला अनेक संगठन सहयोगी बहनें उपस्थित थी।

दूरस्थ शिक्षा के कोर्स संचालित करने वाला पहला निजी विवि

# रमन विवि को दूरस्थ शिक्षा में 3 चरणों में मिली 11 विषयों की मान्यता

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय को डिस्टेंश एजुकेशयन ब्यूरों से चरणबद्ध रूप से कुल 11 विषयों में दूरस्थ शिक्षा की मान्यता प्राप्त हुई है। विवि को पहले चरण के कोर्स में एमए हिन्दी, एम इंग्लिश,बी कॉम,एम कॉम, एमबीए, बीबीए, बीलिब, पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी। यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। दूसरे चरण में बीए की मान्यता प्राप्त हुई थी। इस तरह तीसरे चरण में एम ए संस्कृत, एम ए इतिहास और एम लिब की मान्यता भी मिली है। इस तरह विद्यार्थी अब सभी 11 कोर्स में भी प्रवेश ले सकेंगे।

डॉ.सीवी रमन विवि प्रदेश का पहला निजी विवि है, जिसे दूरस्थ शिक्षा संचालन की मान्यता मिली है। विवि के कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप



विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। प्रदेश के पहले निजी विश्वविद्यालय होने का गौरव भी सीवीआरयू को प्राप्त है। विवि अनुदान आयोग ने नैक के ए ग्रेड होने पर ही दूरस्थ शिक्षा संचालन की अनुमति और प्रक्रिया में शामिल होने का निर्देश दिया था। इसके बाद विवि को दिसंबर 2023 में नैक से ए ग्रेड प्रदान किया। प्रदेश का पहला निजी विवि जो नैक से ए ग्रेड प्राप्त है। इस बात का सम्मान भी सीवीआरयू को प्राप्त हुआ है। डॉ अरविंद ने बताया कि नियमित विद्यार्थियों के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है।

### इनमें ले सकते हैं प्रवेश

- एमए हिन्दी,
- एम इंग्लिश,
- बी लिब,
- बीबीए,
- एमबीए,
- बी काम,
- एम कॉम,
- बी ए,
- एम ए संस्कृत,
- एम इतिहास,
- एम लिब

### कामकाजी के लिए यह सुनहरा अवसर : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस नौकरी पेशा के लोग आसानी से कर सकते हैं। किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे लोग कम समय देकर इसकी पढ़ाई घर बैठ कर सकते हैं। जिसका लाभ उनके जीवन में पदोन्नति, वेतन इंक्रीमेंट, सहित अन्य विषयों में मिल सकता है। इसी तरह घर में कामकाजी महिलाएं लड़कियां लड़के भी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में पढ़ाई के सपने को पूरा कर सकते हैं। इसी सत्र से सभी 11 विषयों में प्रवेश प्रारंभ किया गया है।

### प्रथम चरण में कुल 7 पाठ्यक्रम की मान्यता मिली थी: कुलसचिव

विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया पहले चरण में हमें कुल 7 पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी। जिसमें एमए हिन्दी, एम इंग्लिश,बी कॉम,एम कॉम, एमबीए, बीबीए, बी,लिब, पाठ्यक्रम की मान्यता शामिल है। दूसरे चरण में बी ए की मान्यता प्राप्त हुई। दूरस्थ शिक्षा संचालन का विवि के पास बडा और लंबा अनुभव है। डॉ. रमन विवि को वर्ष 2009 से 2020 जनवरी तक निरंतर दूरस्थ शिक्षा की मान्यता थी। विवि को दूरस्थ शिक्षा संचालन का 10 साल का अनुभव है। प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का लाभ मिला है। यही कारण है कि इस बार फिर हमें तीसरे चरण में इसी तरह तीसरे चरण में अभी एम ए संस्कृत ,एम ए इतिहास और एम लिब की मान्यता प्राप्त हुई है। विवि के दूरस्थ शिक्षा संचालन के लिए उत्कृष्ट अधोसंरचना, उपलब्ध है, जिसमें स्मार्ट क्लास रूम, स्टूडियो, एसएलएम, एआईएम, ई-एलएम, उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमो को मॉक, ईपीजी, पाठषाला से भी एलाइन किया गया है। हाईब्रिड मोड में शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

## खबर संक्षेप

### नपा स्कूल के बच्चों को दी गई आपदा प्रबंधन की सीख



**मुंगेली।** नगर पालिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में फेमेक्स कार्यक्रम 2025-26 आपदा प्रबंधन के संबंध में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें शाला के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। विद्यालय के प्राचार्य विजय सोनी ने आपदा प्रबंधन कार्यक्रम से बच्चों को सीख लेने की बात कही।

### भक्त का अर्थ होता है सेवकः पं नीरज भूषण



**मल्हार।** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व डॉ शंकर प्रसाद चौबे के पुण्य स्मृति में वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 17 से 26 जुलाई तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन उनके निवास पर किया जा रहा है, जिसके कथा वाचक पंडित निरजभूषण मिश्रा है। कथा के चौथे रविवार को भक्त प्रहलाद चरित्र की बहुत ही रोचक कथा सुनाई। इस मौके पर आचार्य मिश्रा ने भक्ति की शक्ति के बारे बताते हुए कहा कि भक्त का अर्थ है सेवक, सेवक का अर्थ है स्वेच्छा से स्वामी के प्रति समर्पण। प्रेम, आनंद और प्रसन्नता के कारण जब कोई भक्त अपने स्वामी के प्रति समर्पित हो जाता है तो वह सेवक हो जाता है, तो उसे ही धर्मग्रंथों में सच्चा भक्त, सेवक या दास कहते हैं।

### कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत



**लोरमी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवलिंग पालेश्वरनाथ में जलाभिषेक करने अमरकंटक के नर्मदा से पवित्र जल लेकर 80 से अधिक कांवड़ियों का दल नगर वापस लौटा। इस मौके पर फव्वारा चौक पर नगरवासियों ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत कर उनके जलपान की व्यवस्था की। इस दौरान कावड़ यात्रियों ने जोर-जोर से बोलबम का नारा लगाते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर कांवड़ियों की सेवा के लिए उमेश, मुकेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लोरमी नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष व उपनेता की नियुक्ति

**लोरमी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के द्वारा





लोरमी नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष वार्ड 15 के पार्षद सालिक बंजारे एवं उप नेता प्रतिपक्ष वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद सीमा मनीष त्रिपाठी को बनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने लोरमी नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष के साथ में उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति से यह संदेश देना चाहा है कि कांग्रेस पार्टी नगर के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष सालिक बंजारे ने कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त किया एं संकल्पित होकर कार्य करने की बात कही। उपनेता सीमा मनीष त्रिपाठी ने कहा नगर पालिका की राजनीति में यह मेरा दूसरा कार्यकाल का अनुभव है। मैं कांग्रेस पार्टी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

### 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु



**बोदरी।** सावन के पावन महीने में 11 जुलाई से चकरभाठा के रामेश्वरम सिटी में परम पूज्य पंडित दुर्गेश जी महाराज के मुखारविंद से आयोजित नव दिवसीय शिवमहापुराण कथा का 19 जुलाई को सहस्तधारा स्नान के साथ समापन हुआ। शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए चकरभाठा ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन की सफलता में नीतू शर्मा, मनीषा शर्मा, सोनिया साहू, अनीता नेताम, रश्मि दीक्षित, अनीता कौशिक, माधुरी कौशिक, वंदना मानिकपुरी, विभा तिवारी, नंदनी उपाध्याय, संगीता पुरी, पूर्णिमा सिंह, मंदाकिनी चौहान, ललित तिवारी, पुष्पराज उपाध्याय, यशवंत मिश्रा, शौर्य कौशिक, प्रांशु तिवारी सहित अन्य शिव भक्तों एवं समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### पौसरी स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण



**बोदरी।** शास पूमा शाला पौसरी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शाला परिवार के सभी शिक्षकों एवं प्रधान पाठक की अगुवाई मे पौधे सगाए गए एवं उनकी सुरक्षा के लिए जाली बनवाई गई। इस अवसर पर प्रधानपाठक डॉ चन्द्रशेखर यादव, शिक्षक लक्ष्मीचंद, श्याम, रागिनी वाल्टर, पद्मजा पाण्डेय, राजकुमारी कश्यप, जीयान भाष्कर, इंद्राणी यादव आदि उपस्थित रहे।

---

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया बिल्हा में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का लोकार्पण

# सशक्त अंधोसंरचना ही प्रभावी न्यायप्रणाली की आधारशिला

**आमजन को निष्पक्ष एवं कुशल न्याय शीघ्र, सरल एवं सुलभ हो सकेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

छत्तीसगढ़ में न्यायिक अधोसंरचना में वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए एवं आमजन के लिए बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने आज जिला के बिल्हा तहसील में नवीन सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी पोर्टफोलियो न्यायाधीश बिलासपुर, जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा मौजूद थे।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने न्याय की प्रभावी पहुंच आमजन तक स्थापित करने में न्यायिक अधोसंरचना के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त अंधोसंरचना ही प्रभावी न्यायप्रणाली की आधारशिला होती है। छग राज्य के समस्त जिलों में बुनियादी न्यायिक अधोसंरचना स्थापित होने से न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की



नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का लोकार्पण करते अतिथि।

दक्षता बढ़ने के साथ-साथ आमजन को निष्पक्ष एवं कुशल न्याय शीघ्र, सरल एवं सुलभ हो सकेगा। उन्होंने नवीन सिविल न्यायालय भवन बिल्हा की हरियाली, वातावरण एवं स्वच्छता के साथ-साथ न्यायालय कक्ष, सुविधाजनक प्रतिक्षालय, शिशु देखभाल कक्ष अभियोजन कार्यालय, सुरक्षित बंदीगृह एवं उपलब्ध सुविधाएं की प्रंशसा करते हुए कहा गया कि यह भवन छत्तीसगढ़ के अन्य जिला न्यायालयों के लिये मिसाल साबित होगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायिक संस्थाओं मे बुनयादी एवं आधारभूत सुविधा उपलब्ध करने जोर दिया जाता रहा है। उनकी प्राथमिकता ऐसी व्यवस्था करने की है कि छत्तीसगढ़ के सभी न्यायिक संस्थाओं में सर्वसुविधायुक्त भवन हो, जिससे आधारभूत संसाधन उपलब्ध रहे। बिल्हा में नवीन सिविल कोर्ट भवन, समय की जरुरत थी। बिल्हा में नवीन न्यायालय भवन निर्माण से स्थानीय नागरिकों को न्याय तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित होगी। यह भवन न केवल भौतिक रूप से सुसजित है, बल्कि इसमें डिजिटल कोर्ट, वकीलों के लिए आधुनिक कक्ष, अस्पताल, ए.टी.एम. तथा प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर उन्होंने न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्तागण को दिशानिर्देश दिया गया कि, सुविधायुक्त अधोसंरचना व आधुनिक तकनीकी का उपयोग पक्षकारों को सुविधापूर्ण वातावरण में शीघ्र एवं गुणवत्तायुक्त न्याय प्रदान करने किया जाए। इस कार्यक्रम में छग उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदि शामिल थे।

---

## मल्हार के सहस्त्र शिवलिंग में कई रहस्य समाहित

**मल्हार।** पवित्र सावन माह में शिव आराधना के लिए शिव साधकों का आदिकाल से धर्म नगरी से गहरा नाता रहा है। नगर क्षेत्र के आसपास अवस्थित शिवजी के विभिन्न स्वरूप यह साबित करते हैं कि यह नगर प्राचीन समय से ही शिव साधकों के लिए उपयुक्त स्थल रहा होगा।

कल्प केदारनाथ भगवान पातालेश्वर महादेव के अलावा देउर मंदिर की ऐतिहासिक दीवार सहित यहां सैकड़ों शिवलिंग व प्रतिमाएं विद्यमान हैं, जो प्रमाणित करती हैं कि यह नगर शिव को समर्पित है। भगवान शिव का ऐसा ही एक स्वरूप नगर के सबसे बड़े तालाब बरबांधा के पूर्वी तट पर स्थित है, जिसे सहस्त्रलिंगी शिवलिंग कहा जाता है। यह शिवलिंग आरंभ से ही खुले आसमान के नीचे स्थित है, जिसके दर्शनमात्र से साधकों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस शिवलिंग की विशेषता है कि इसका आकार स्वयमेव उत्तरोत्तर बढ़ता चला आ रहा है। इस शिवलिंग के इतिहास के संबंध में कोई निश्चित मत स्थापित नहीं है, ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग आदिकालीन है,



जिसके साधक खुले आसमान के नीचे अपनी साधना पूर्ण करते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता व पुरात्तव के जानकार राजकिशोर पांडेय का कहना है कि शिवलिंग के आसपास पूर्व में मंदिर होने का कोई प्रमाण नहीं है, जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि कल्चुरी काल में किसी साधक ने इस सहस्त्रलिंगी शिवलिंग की स्थापना की है। आज भी पर्यटक व शिव साधक इनके दर्शन के लिए आते हैं और उनकी कृपा से लाभान्वित होते हैं।

---

## मंजूरपहरी के पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सुशांत

**बेलतरा।** बेलतरा विधानसभा के उत्तर मंडल के ग्राम मंजुरपहरी, रामपुर, करमा, बसहा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, शंकर दयाल शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, जागेंद्र कश्यप, सूनील श्रीवास, मनोज पटेल, महामंत्री गंगा प्रसाद साहू, भरत कश्यप, बुद्धेश्वर कश्यप, सुनील कश्यप, राजेन्द्र कश्यप, मीनु वर्मा, श्रीराम नेताम, दिलीप शुक्ला, अरुण कश्यप, शैलेन्द्र कश्यप, बूथ अध्यक्ष नरहर यादव, शिव कैवर्त, आशिष साहू, कृष्ण यादव, धनेश्वर मरकाम, जगतारण दास, चतुर सिंह, महेंद्र यादव, हेमगिर गोस्वामी, लल्लु राम रामपुर, उषा मरावी बसहा सरपंच, ईश्वरीय बुदेधवर कश्यप, नंदकुमार साहू, पुनीत कश्यप, घनश्याम दास, पेशीराम जायसवाल, हिमांशु यादव, राजेन्द्र शुक्ला, सचिव कमल दास मानिकपुरी, ओमप्रकाश, प्रताप सिंह सहित ग्राम के सरपंच, पंच एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।



---



### जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, पांच गिरफ्तार

**बिल्हा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम मे बिल्हा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केसला मावली मंदिर के पास फड़ लगाकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर बिल्हा थाना प्रभारी उमेश साहू ने पुलिस की टीम के साथ मौके पर छापेमार कर्रवाई कर 5 जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व नगदी रकम 4000 रूपए जप्त कर हिना कुमार, जितेंद्र कुमार, मनीष साहू, रवि कुमार कौशिक एवं रवि कौशिक को पकड़कर थाने लाई एवं आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

---

## सेमरताल में पालक-शिक्षक-विद्यार्थी प्रबंधन समिति की बैठक

**सेमरताल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में पालक-शिक्षक-विद्यार्थी प्रबंधन समिति की पहली बैठक चंदैनीगोंदा में आयोजित हुई, जिसमें संकुल प्रभारी अनिल वर्मा ने कहा कि पालक अपने बच्चों की गतिविधियों जैसे उसकी संगत, पढ़ाई का स्तर एवं व्यवहार का सतत अवलोकन करें।

बच्चों से रोजाना स्कूल की गतिविधियों, गृहकार्य आदि के बारे में जानकारी लेकर गृहकार्य पूरा करने में उनकी मदद करें। साथ ही बच्चों को साफ-सफाई की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि पालकों को चाहिए कि वे बीच बीच में विद्यालय आकर शिक्षकों से अपने बच्चों के संबंध में जानकारी लें एवं बच्चों को मोबाइल, बाइक व फैशन की वस्तुएं देकर स्कूल न भेजें। यदि पालक इन बातों का ध्यान रखें तो बच्चे अच्छे विद्यार्थी बन पाएंगे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सदस्य व मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक ने कहा कि पालक-



बैठक में शामिल पालक, शिक्षक।

शिक्षक बैठक में जितनी उपस्थिति होनी वह नहीं है, इसलिए पालकों से जो बातें करनी हैं, वह आगामी बैठक में करेंगे। क्योंकि आज के समय लोग स्कूल की खामियां ज्यादा ढूंढते हैं, जबकि पालकों की जागरूकता ज्यादा जरूरी है। बैठक में प्रबंधन पदाधिकारी सतीश धीवर, गौरीशंकर साहू, रमेश मधुकर, अमित राव ने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किया। प्रधान पाठक शांति तिर्की, इंदिरा कश्यप, नमिता बेहाल शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई में होने वाली समस्याओं का विस्तार से चर्चा किया। व्याख्याता सीमा ठाकुर ने शाला अनुशासन पर अपनी बात रखी। वहीं व्याख्याता पद्मा द्विवेदी ने प्रवेश के समय आने वाली दिक्कतों की चर्चा की। इस अवसर पर पालकों ने कहा कि हम अपने बच्चों का हित चाहते हैं, इसके लिए अपने स्तर हम प्रयास करते रहते हैं। साथ ही उन्होंने गांव की स्कूल मैदान में पानी भराव की समस्या को दूर करने की मांग की। बैठक में संकुल समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा, प्रदीप मुखर्जी, प्रधान पाठक अनुप नूतन कुजूर, शिक्षक बालमुकुंद शर्मा, अनिता बोरकर सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे। बैठक का संचालन शिक्षक सुमन कौशिक ने किया।

---

## विखं के तीन शिक्षकों ने प्राप्त किया बीआरजी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

छत्तीसगढ़ में सत्र 2025-26 से कक्षा 6वीं के लिए नवीन पाठ्यपुस्तक लागू की गई है, जिसके अध्यापन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने प्रत्येक विकासखण्ड से विज्ञान विषय के तीन विशेषज्ञों को बीआरजी के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। डाइट पेण्ड्रा में 14 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाले इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुंगेली, बिलासपुर एवं जीपीएम के कुल 10 विकासखण्डों से विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए।

उन्होंने विभिन्न भारतीय दर्शनों तथा प्राचीन भारतीय विज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए समझाया कि मानव व प्रकृति का संबंध कितना प्रगाढ़ है तथा हमारी परम्परा व मान्यताएं कितनी विज्ञान सम्मत हैं। शास पूमा शाला बैगाकापा में पदस्थ शिक्षक आरएस राजपूत ने नई शिक्षा नीति 2020 का वर्णन करते हुए बताया कि इसे लागू करने के लिए एनसीएफ बहुत आवश्यक व



प्रशिक्षण प्राप्त करते शिक्षक।

महत्वपूर्ण है। पूरे देश में एक जैसी शिक्षा प्रदान करने के लिए एक जैसा पाठ्यक्रम होना चाहिए, जो कि एनसीएफ के माध्यम से ही संभव है। शास पूमा शाला हरनाचाका के शिक्षक डीएस ध्रुव ने बताया कि कक्षा 6वीं के विज्ञान विषय का नाम बदलकर जिज्ञासा रखा गया है, ताकि विज्ञान के प्रति छात्रों की जिज्ञासा में वृद्धि हो और वे नवीन अन्वेषण के लिए प्रेरित हों। विकासखण्ड लोरमी से विज्ञान विषय के तीन विषय विशेषज्ञ अमित कुमार डड़सेना, रोशन सिंह राजपूत एवं दिलहरण सिंह ध्रुव ने बीआरजी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन कार्यक्रम समन्वयक विकास कुमार वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी बनमाली प्रसाद वासुदेव सहित डाइट के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में प्राचार्य जेपी पुष्प ने विभिन्न प्रशिक्षार्थियों को बीआरजी प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

---

## आत्मानंद के आर्या राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए चयनित

**बोदरी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम चकरभाठा के खिलाड़ी आर्या दुबे का चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए हुआ है।



मीडिया प्रभारी आशुतोष पांडे ने बताया कि संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर के मिनी स्टेडियम गांधी चौक में किया गया था, इसमें राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए कक्षा दसवीं के कड़ार निवासी आर्या दुबे पिता ब्रजेश दुबे का चयन हुआ है। प्राचार्य रामकुमार अनंत ने कहा कि यह हमारे स्कूल के लिए बहुत गौरव का क्षण है कि हमारे यहां इतने प्रतिभावान बच्चे हैं, जो कि हर एक फील्ड में आगे बढ़ रहे हैं। व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि आर्या दुबे ने लगातार कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की है। इनमें उनके माता-पिता का भी सराहनीय योगदान है। चयनित छात्रा आर्या दुबे के पिता ब्रजेश दुबे ने स्कूल को धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों को हर एक फील्ड में आगे बढ़ाया जा रहा हैं, उनकी रुचि के अनुसार उन्हें क्षेत्र प्रदान किया जा रहा है। इससे बच्चे आगे बढ़कर अपनी प्रतिभाओं को लोगों के समक्ष रख रहे हैं।

---

## निधन

### प्रदीप गुप्ता

**बिलासपुर।** चांटापारा निवासी प्रदीप



गुप्ता का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा चांटापारा स्थित निवास से 21 जुलाई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ प्यारेलाल गुप्ता के पुत्र, सुयश गुप्ता के पिता थे।

### पार्वती मिश्रा


**बिलासपुर।** चकरभाठा कैंप विकास



नगर निवासी पार्वती मिश्रा (मुन्नी मिश्रा) का निधन 20 जुलाई को हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार चकरभाठा मुक्तिधाम में किया गया। वे पं राजकुमार मिश्रा की पत्नी और रुद्रदत की मां थीं।

### मोहन लाल गंगवानी

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी



स्व. टेहकनमल गंगवानी के पुत्र मोहन लाल गंगवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जुलाई को संत कंवर राम श्मशान गृह मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया गया। वे मनोहर लाल, इंद्रजीत, गोपीचंद, रामचंद्र और राजेश गंगवानी के भाई थे।

### अनिमेश केशरवानी

**बिलासपुर।** मंगला निवासी अनिमेश



केशरवानी (डोलू) का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहन चंद गुप्ता के पुत्र, पूनम के पति, मानस व माही के पिता थे।

### नकछेद कश्यप

**जरहागांव।** नगर पंचायत



जरहागांव के वरिष्ठ नागरिक नकछेद कश्यप का निधन 90 वर्ष की आयु में हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे ह डॉ मुन्नाराम कश्यप, रमेश कश्यप के पिता एवं राममनोहर कश्यप के चाचा थे।

---

जुहली में अरहर मिनी किट का वितरण

# किसानों की उन्नति ही देश की असली उन्नति

**सीपत/मस्तूरी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत मस्तूरी विकासखंड की ग्राम पंचायत जुहली में बुधवार को अरहर मिनी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से किसानों की आय में वृद्धि और कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर और जनपद पंचायत मस्तूरी के कृषि स्थाई समिति के सभापति मनोज खरे बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्राम जुहली के आठ किसानों को निशुल्क अरहर बीज मिनी किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी डीएस आर्मो, सरपंच



किसान को बीज वितरण करते अतिथि।

प्रतिनिधि त्रिभुवन सिंह पोर्ते भी मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर ने कहा कि किसानों की उन्नति ही क्षेत्र की असली उन्नति है। आज का किसान सिर्फ मेहनतकश नहीं, बल्कि नवाचार के साथ प्रगतिशील भी बन रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तभी सफल होंगी जब हर किसान तक उनका लाभ पहुंचे। मैं सभी किसानों से अपील करता हूं कि वे जागरूक रहें और ऐसी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं, ताकि उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि हो सके।

जनपद कृषि स्थाई समिति के सभापति मनोज खरे ने कहा कि किसानों की खुशहाली से ही प्रदेश व देश समृद्धशाली बनेगा। अरहर जैसी फसलें आर्थिक रूप से सशक्त बनाती हैं और मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनाए रखती हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत बीज सामग्री से जोड़ा जाए। कार्यक्रम के अंत में कृषकों ने भी सरकार और पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा आश्वस्त किया कि वे इन बीजों का उपयोग पूरी मेहनत और जानकारी के साथ करेंगे।

---



## धरमलाल ने कराया कार्यकर्ताओं को विधानसभा भ्रमण

**बोदरी।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बिल्हा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट-मुलाकात कराई एवं सदन की कार्रवाही दिखाने के लिए उन्हें विधानसभा सत्र में सम्मिलित कराया। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, इंद्रजीत क्षत्रिय, उमाशंकर कश्यप, मोनू यादव, नरेश जायसवाल रोहित यादव, डॉ राघवेन्द्र कौशिक सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शंकर मंदिर मल्हापारा में शिव महापुराण कथा 28 तक

**मुंगेली।** शंकर मंदिर मल्हापारा में 20 से 28 जुलाई तक शिव महापुराण कथा आयोजित की गई है।



प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर शिव इच्छा तक कथा हो रही है। शंकर मंदिर समिति मल्हापारा एवं समस्त मुंगेलीवासियों के द्वारा आयोजित इस कथा की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शंकर मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव महापुराण कथा का आयोजन मंदिर परिसर में ही के साथ किया जा रहा है। 20 जुलाई से प्रारंभ इस शिव महापुराण कथा में शिव की महिमा का गान कथा व्यास ब्रजिका शुभि दुबे द्वारा की जा रही है।

### जिला आबकारी अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**मुंगेली।** जिला आबकारी अधिकारी के रूप में आरएस साय ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व में पदस्थ



आबकारी अधिकारी राजेश जायसवाल के आबकारी घोटाले में निलंबित होने के बाद बिलासपुर के उडनदस्ता दल में कार्यरत आरएस साय को मुंगेली जिला आबकारी अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि आबकारी अधिकारी आरएस साय पूर्व में दो बार जिला आबकारी अधिकारी के प्रभार में रहे है। श्री साय ने कहा कि जिले में विभाग का बेहतर काम करने प्रयास करेंगे व्यवस्था और दुरूस्त करेंगे।

### सहायक आयुक्त खाण्डेकर ने संभाला पदभार

**मुंगेली।** आदिवासी विकास विभाग में नए सहायक आयुक्त के रूप में महेन्द्र खाण्डेकर ने पदभार ग्रहण



कर कामकाम शुरू किया। सहायक आयुक्त लक्ष्मी पटेल के कवर्धा स्थानांतरण के बाद अंबिकापुर से उनका स्थानांतरण सहायक आयुक्त के पद पर मुंगेली में हुआ है। श्री खाण्डेकर ने बताया कि वे गत कुछ दिनों में छात्रावास का निरीक्षण कर चुके है। भवनविहीन छात्रावासों की जानकारी लेकर नये भवन की प्रस्ताव भेजकर स्वीकृत कराने का प्रयास करेंगे।

### प्रांशु बने क्षत्रीय समाज के केंद्रीय युवा मंडल उपाध्यक्ष

**सीपत।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 ने केंद्रीय कार्यकारिणी का



विस्तार करते हुए रविवार को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मंडल का गठन किया। कार्यक्रम में बिलासपुर से प्रांशु क्षत्रिय को केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं रायपुर से महेश सिंह को केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पीयूष ठाकुर को उपाध्यक्ष, नीरज सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष, अमन सिंह ठाकुर को उपसचिव, मंगल सिंह को संगठन सचिव, समित सिंह राजपूत को सह सचिव और सत्यम सिंह को प्रचार सचिव बनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, केंद्रीय युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर और केंद्रीय सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने समाज के उत्थान के लिए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ईमानदारी के साथ निभाने का संकल्प लिया।

### बोल बम सेवा समिति का दल बाबा धाम रवाना



**तखतपुर।** पवित्र सावन के महीने में शिवभक्त भगवान भोलेनाथ को रिझाने आराधना करने के लिए उत्साहित रहते है। भक्तों के द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर पूजन किया जाता है। इसी क्रम में 18 जुलाई शुक्रवार को बोल बम सेवा समिति मंडी चौक का 47 सदस्यीय जत्था बैद्नाथ धाम जलाभिषेक करने रवाना हुआ। दल के सदस्य उत्तरवाहिनी गंगा जी सुल्तानगंज से जल लेकर बाबा बैद्यनाथ देवघर में जलाभिषेक करेंगे। भक्तों के इस दल में नरेंद्र केशरवानी, राजाराम ठाकुर, पूरन ठाकुर, नैनलाल साहू, अमरचंद शर्मा, गिरधारी लाल साहू, चंद्र प्रकाश श्याम, प्रकाश कुमार पटेल, शिव धुरी, सुधीर शर्मा, बबलू शिवहरे, महेश महोबिया, राकेश निर्मलकर, किशन निर्मलकर, चंद्रशेखर पटेल, पवन गुप्ता, रमेश गोपी, रामकुमार, दिलीप तोंडे, भानु साहू, कौशल्या साहू, रामेश्वरी साहू, रेवती ठाकुर, मुन्नी बाई, अनु धुरी, हेमलता शर्मा, राम सुमेर पटेल, पुष्पेंद्र साहू, कोमल जायसवाल, दिनेश धुरी, विकास दीपक पटेल, मनोरंजन साहू, निक्कू तिवारी सहित अन्य शामिल हैं।

### सूने मकान से नकद सहित 24 हजार का सामान पार

**तखतपुर।** सूने मकान पर धावा बोलते हुए अज्ञात चोरों ने 24 हजार नकद पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। जानकारी के अनुसार खम्हरिया निवासी अन्नू प्रसाद तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जुलाई को सुबह 10 बजे घर पर ताला लगाकर वे पूरे परिवार के साथ बिलासपुर गए हुए थे। अगले दिन 18 जुलाई को वे वापस आए तो उनके घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ग्रामीण अंचल में चरमराई विद्युत व्यवस्था

# लो वोल्टेज व बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में किसान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं इन दिनों विद्युत की लो वोल्टेज एवं अघोषित कटौती से परेशान है। विद्युत मेंटनेंस के नाम पर दिन में 8-10 बार एवं रात में 2-3 बार विद्युत की आपूर्ति बंद हो रही है। जिसके कारण ग्रामीण अंचल में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है।

सेतगंगा फास्टरपुर के ग्रामीणों में इन दिनों बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब ग्राम में सब स्टेशन की स्थापना की गई, तब उन्हे विद्युत समस्या से निजाद मिलने की सपना देखे थे। लेकिन वह सपने आधा अधूरा रह गया। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में किसान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं इन दिनों विद्युत की लो वोल्टेज एवं अघोषित कटौती से परेशान है। यही नही विद्युत मेंटनेंस के नाम पर प्रतिदिन दिन में 8-10 बार एवं रात में 2-3 बार विद्युत की आपूर्ति बंद कर दी जा रही है। जिससे विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों के द्वारा जेई से इस संदर्भ में अनेक बार शिकायत की गई है। लेकिन उनके द्वारा आज पर्यन्त कोरा आश्वासन ही मिलता रहा। कई गांव में सिंगल फेस गुल



होने की भी समस्या आये दिन देखने को मिल रही है जिससे लोग जूझ रहे है। किसानो एवं ग्रामीणजनों को भी विद्युत के लिए मारामारी करनी पडती है। विद्युत वितरण कंपनी एवं विभाग से अपेक्षा की जाती है कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित रूप से कराये जाने की प्रयास करें अन्यथा ग्रामीणजन आंदोलन करने की मानसिकता बना रहे है। क्षेत्र के महंत राधेश्याम दास, डॉ. रामजी शर्मा, नीरज केशरवानी, कुलेश्वर बारमते, अनिष सेमुअल कन्हैया सिंह बैस, सनत देवांगन, नरेन्द्र जायसवाल, प्रमोद सोनी, जगकुमार शास्त्री, हीरा सिंह कश्यप, योगेश कश्यप, तिलेश अगबेल, यज्ञ कुमार गबेल, रायसिंह गबेल, नमकलाल भास्कर मसीह, निरंजन टोंडर, बाबुदास टोंडर, दिपेन्द्र घृतलहरे, अर्पण जान, नेमसिंह बोगी, ध्वजा यादव, सुरेन्द्र बंजारे, जैतराम खांडेकर, नारायण डाहिरे, संतोष यादव, चैतराम देवांगन, संतोष चौहान, उमाशंकर देवांगन, हरिशंकर गुप्ता, किशन गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रामकुमार निषाद, रमाकांत सोनी, राजू सोनी ने विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कि जाने की मांग की है।

### सब स्टेशन में कंडम उपकरण

उल्लेखनीय है कि सेतगंगा फास्टरपुर में संचालित सब स्टेशन को पांच फिडरो सेतगंगा, फास्टरपुर, पौनी, माराडबरी, मौहार में बांटा गया है। जिसके अंतर्गत लगभग 40-42 गांव सम्मिलित है। सब स्टेशन में लगे सभी उपकरण पूर्णतः कंडम हो गई है। पूरे प्लांट डायरेक्ट संचालित है जिसके कारण अंचल में विद्युत सप्लाई भगवान भरोसे स्थिति है। जहां लगातार 2-3 घंटा बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है यदि बारिश होने से मौसम बिगड गया तो 8-10 घण्टा भी विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती हैं। बिजली गुल होने से परिक्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था चरमरा गई है। समय पर लोगो को नलों से पानी नहीं मिल पा रहा है।

## गुप्ता समाज की महिला इकाई का सावन महोत्सव



**पेंड्रा।** जीपीएम में बागेश्वर कसौधन वैश्य गुप्ता समाज की महिला इकाई की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन आशा गुप्ता के निवास पर किया गया, जहां समाज की सभी महिलाओं ने मिलकर उत्साह के साथ भगवान शिव और माता गौरी की पूजा और स्तुति कर सावन मिलन कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में महिलाओं ने एक प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें महिलाओं को सोलह सिंगार कर उपस्थित होना था एवं अपनी किसी विशेष प्रतिभा को दिखाना था। इसमें निर्णायक के तौर पर पूर्व पार्षद राखी सिंह गहलोत, डिप्टी रेंजर कात्यायनी हरीश शर्मा को आमंत्रित किया गया। निर्णायकों ने सबसे सुंदर दिख रही महिलाओं में से तीन महिलाओं का चयन किया, जिसमें सावन सुंदरी के रूप में पेंड्रा की सोनल गुप्ता, संस्कृतिक प्रदर्शन के लिए लक्ष्मी गुप्ता एवं सरल और सौम्य नृत्य के लिए गौरेला से आशा गुप्ता का चयन हुआ। कार्यक्रम के अंत में समाज की जिला इकाई की अध्यक्ष आशा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं उपस्थित थीं।

## गीधा बायपास में एनएच 130 पर कांग्रेस चक्काजाम कल



बैठक में उपस्थित कांग्रेसी।

**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी ने 22 जुलाई को होने वाले प्रदेश व्यापी आंदोलन को लेकर बैठक रखी। जिसमें कार्यक्रम के रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 22 जुलाई को केन्द्रीय जांच एजेन्सी प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अपने जिले के प्रमुख मार्गो में प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी चक्का जाम दोपहर 12 बजे से गीधा बायपास के पास एनएच 130 में किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस व स्कूल बस को मुक्त रखा जायेगा। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, हेमेंद्र गोस्वामी, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, अभिलाष सिंह, नरेश पाटले, पुरषोत्तम मार्को, राजा ठाकुर, रामचंद्र साहू, लोक राम साहू, उर्मिला यादव, राजेश छेदहिया, उमेश सोनी, स्माइल, मेमन, नवनीत शुक्ला सहित सभी प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, युवा, कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, जिला शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षकों कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

20 जुलाई को छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगर के खेल मैदान में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन संघ की दो प्रमुख मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण एवं संयमित ढंग से संपन्न हुआ। नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण तथा शिक्षा विभाग में समायोजन (संविलियन) एवं नियमितीकरण। धरना प्रदर्शन में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया विकासखंड के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षक साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संघ के पदाधिकारियों द्वारा इन मांगों की पृष्ठभूमि और उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी गई, जो पूर्व में शासन-प्रशासन को भी अवगत कराई जा चुकी थी। कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति में बिलासपुर संभाग अध्यक्ष राहुल वर्मा भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने सभी सदस्यों को एकजुटता, संयम और सकारात्मक सोच के साथ अपने अधिकारों के लिए कार्य करते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर, संघ की ओर से जिला अध्यक्ष उमाशंकर साहू के नेतृत्व में तहसीलदार को कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने आशा व्यक्त की है कि शासन संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र विचार कर सकारात्मक निर्णय लेगा।

## स्वर्ण आभा महिला मंच ने मनाया सावन उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वर्ण आभा महिला मंच की तरफ से स्थानीय श्रीराम मंदिर सोनार पारा में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं पौध रोपण का संकल्प लिया गया। इस महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत और अन्य मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महिलाओं द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

जिज्ञासा सोनी, रंजना सोनी, राखी सोनी, ज्योति सोनी, अन्नू साहू, शिवानी सोनी ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। नमिता सोनी ने कविता पाठ किया। अन्नू साहू, जिज्ञासा सोनी, सरला सोनी, किरण सोनी, रूबी ताम्रकार, राखी सोनी, श्रद्धा सोनी ने कपल डांस किया। गीतिका सोनी ने एकल नृत्य सदस्यों का मनमोह लिया।

सरला सोनी, मन्नू सोनी, वंदना सोनी, मालती मनीशा बुचड़े, ममता चंदेल, सुरेखा सोनी द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ शिव आरती द्वारा हुआ। सभी महिलाओं ने मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन जिज्ञासा सोनी एवं आभार प्रदर्शन ज्योति सोनी ने किया तथा राखी सोनी ने शिव नाम की महिमा का बखान किया।

## पड़ाव चौक से बीआर साव स्कूल तक रोपे गए 26 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित हरियर मुंगेली सुघ्घर मुंगेली अभियान के दूसरे चरण में पड़ाव चौक से बीआर साव स्कूल तक तथा समन्वय संगीत एवं कला महाविद्यालय परिसर में नीम, बादाम, कदम और मौलश्री जैसे छायादार वृक्षों के कुल 26 पौधों का रोपण कर उन्हें ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया।



नगर में पौधरोपण करते युवा।

संस्था के सह-संयोजक रामशरण यादव ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और परिपक्वता तक देखभाल करना है। संस्था के कोषाध्यक्ष धनराज परिहार ने कहा कि मौसम चक्र में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए अब समय आ गया है कि हर नागरिक पर्यावरण की रक्षा में अपनी जिम्मेदारी निभाए। कार्यक्रम के विशेष क्षण में संस्था के समर्पित सदस्यों गोखलेश सिंह, देवशंकर श्रीवास्तव, विकास जैन, पप्पू शर्मा व संतोष जांगड़े के जन्मदिवस पर पौधरोपण कर उसे विशेष रूप से यादगार बनाया गया। इस अवसर पर अभियान के टीम प्रभारी मुकेश पांडेय ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा किसी भी खास दिन को वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य से यादगार बनाएं। इस अवसर पर नगर के पर्यावरण प्रेमी राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रभाकर सिंह, अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, प्रद्युम सिंह, आदर्श गुप्ता, आयुष केशरवानी, प्रियांक गुप्ता स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र परिहार सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी व सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रों का स्काउट से जुड़ना जरुरी: यादव

**मुंगेली।** राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में स्काउट गाइड की वार्षिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के तीनों विकासखंड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया के समस्त शासकीय अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्राचार्य, स्काउट मास्टर प्रभारी, जिला संघ के पदाधिकारी के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त समेत लगभग दो सौ स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।



पौधा भेंट करते जिला मुख्य आयुक्त।

इस अवसर पर मुख्य अभ्यागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सोमनाथ यादव ने स्काउट्स एवं गाइड्स की बेसिक जानकारी व स्काउटिंग अंतर्गत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए व्यक्ति के जीवन में स्काउटिंग की आवश्यकता क्यों और किस प्रकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा तथा भविष्य निर्माण के लिए विद्यार्थी का स्काउटिंग से जुड़ना आवश्यक हो जाता है, इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त सीके घृतलहरे, अध्यक्ष जेठमल कोटडिया, उपाध्यक्ष रामशरण यादव, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला मुख्यालय आयुक्त डॉ. आईपी यादव की सहभागिता रही। स्काउटिंग के प्रचार प्रसार नवीनीकरण की स्थिति एवं स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी तथा वार्षिक कार्य योजना के संबंध में सारगर्भित प्रतिवेदन का वाचन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर ने दी।

## गांव की महिलाएं भी नवाचार से बन सकती हैं आत्मनिर्भर: डेका

# राज्यपाल ने किया ड्रोन दीदी गोदावरी को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक मिसाल बनी हैं नगर पंचायत सरगांव की रहने वाली गोदावरी साहू, जिन्हें राज्यपाल रमेन डेका ने 'ड्रोन दीदी' के रूप में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए राजभवन में सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया और 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी सौंपी।

इस सम्मान समारोह के दौरान राज्यपाल सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना सहित अनेक अतिथि मौजूद थे। राज्यपाल ने गोदावरी साहू की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लगन और नवाचार से न सिर्फ वे आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि उन्होंने यह साबित किया है कि गांव की महिलाएं भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता की नई कहानी लिख सकती हैं। वे सचमुच ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। गोदावरी साहू की सफलता की कहानी यह साबित करती है कि यदि महिलाओं को मौका, प्रशिक्षण और तकनीक का साथ मिले, तो वे समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती हैं। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश



दिया है कि संकल्प और तकनीक के मेल से ग्रामीण महिलाएं भी प्रगति की नई राह बना सकती हैं। राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद गोदावरी साहू ने कहा यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं का है जो आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इस तकनीक से जुड़ें और खेती में क्रांति लाएं।

### पारंपरिक खेती छोड़ अपनाया नवाचार

गोदावरी साहू नमो ड्रोन योजना के तहत ड्रोन पायलट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर ड्रोन तकनीक के जरिए फसलों पर नैनो यूरिया, डीएपी खाद और कीटनाशकों का छिड़काव करना शुरू किया। इससे किसानों का श्रम और समय दोनों की बचत हुई, साथ ही पैदावार में भी उल्लेखनीय सुधार आया। वे आज न केवल खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि आसपास के गांवों के किसानों को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनका यह कार्य एक मजबूत उदाहरण बन चुका है।

## नाबालिग को भगाने वाले दो गिरफ्तार

**मुंगेली।** नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपी एवं उनके सहयोगी रिश्तेदार को सूरत गुजराज से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। ऑपरेशन तलाश के तहत पुलिस द्वारा गुजरात से नाबालिग को बरामद किया गया व 1 आरोपी एवं 2 सहआरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 17 मई 2025 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की को अज्ञात



व्यक्ति द्वारा बहलाफुसला कर भगाकर ले गया है पुलिस ने नाबालिग की पतासाजी के लिए मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम को सूरत (गुजरात) रवाना किया। जहां राकेश चतुर्वेदी उर्फ विक्की पिता उत्तम चतुर्वेदी उम्र 20 साल निवासी कपुआ थाना पथरिया के कब्जे से अपहृता को 13 जुलाई को शिव कृपा सोसायटी मोरा टेकरा सूरत (गुजरात) से अपृहत बालिका को दस्तयाब कर कथन कराया गया जो आरोपी कल्लू अहिरवार पिता बलदेव अहिरवार उम्र 21 साल निवासी उर्दमउ थाना महराजपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश का बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया एवं घटना दिनांक को लोकेश्वर चतुर्वेदी उर्फ सोनू पिता उत्तम चतुर्वेदी उम्र 25 साल निवासी कपुआ थाना पथरिया एवं रामराज घृतलहरे पिता शुवारथ उम्र 24 साल निवासी घुठेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एन 7221 प्लसर में अपहृता को भगाने में सहयोग करने पर प्रकरण में धारा 87,64 (2) (ड) 5 (ठ) 3(5) बी.एन.एस. एवं 6 पाक्सो एक्ट जोडी जाकर आरोपी को 16 जुलाई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा सहित महिला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को पकड़ लिया है। उसके पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचन मिली, रिकाण्डो अटल आवास के पीछे एक महिला गांजा रखकर ग्राहक के आने का इंतजार करते खड़ी है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी चंदा राजपूत पिता स्व. नोहर राजपूत 57 साल को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### संडे मार्केट में महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दुकान लगाने को लेकर संडे मार्केट में एक महिला के साथ जमकर मारपीट की गई है। मारपीट होने से मार्केट में अफरा तफरी मच गई और लोग भागने लगे। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, रविवार को आफरीन पति स्व. रिजवान संडे मार्केट रिवरव्यू में कपड़ा की दुकान लगाई थी। उनके बाजू में नाइटी दुकान लगाने वाले राजा कुर्रे, उसकी मां, उसके पिता, उसका भाई दुकान लगाने के नाम पर गाली गलौज करने लगे। महिला ने विरोध किया सभी एक राय होकर उनके साथ मारपीट करते हुए धक्का देकर जमीन में गिरा दिया। राजा कुर्रे का भाई उनका गला दबा दिया। सभी लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मारपीट की घटना से मार्केट में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने आफरीन की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### उरकुरा से सरोना के बीच दौड़ेगीं ट्रेनें



**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर जोनल अंतर्गत उरकुरा से सरोना बायपास लाइन पर आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली का काम रविवार को पूरा कर लिया गया है। इस प्रणाली के पूरा होने के बाद ट्रेन की परिचालन और स्पीड में बढ़ोत्तरी होगी। इसमें मुख्य रूप से एमएसडीएसी डुअल डिटेक्शन एमएस सिग्मा द्वारा निर्मित कुल 52 डिटेक्शन पाइंट्स एवं 48 ट्रैक सेक्शन स्थापित किए गए, सरोना आटो हट से उरकुरा तक महत्वपूर्ण सूचनाओं के अदान प्रदान हेतु यूएफएसबीआई प्रणाली लगाई गई है, दोनों स्टेशन के बीच आटो सिग्नलों एवं ट्रैक सेक्शन की जानकारी रियल टाइम में साझा करने एनवी मक्स की व्यवस्था, संचार के लिए आप्टिकल फाइबर केबल एवं क्वाड केबल दोनों का उपयोग कर दोहरी व्यवस्था प्रदान की गई है, करीब 10 आटोमैटिक सिग्नल लगाने के साथ सरोना स्टेशन पर मौजूदा पैनल इंटरलाकिंग प्रणाली में आवश्यक बदलाव, उरकुरा स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग ईआई प्रणाली में बदलाव, आटो हट में रिंग अर्थिंग, ए क्लास सुरक्षा, फायर अलार्म, ईएलडी एवं स्वचलित फ्यूज चेंज ओवर सिस्टम जैसी आधुनिक संरक्षा व्यवस्थाएं लगाई गई हैं।

**जवाली नाले का दोबारा सीमांकन** | जवाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकान और काम्प्लेक्स बन गए

# 40 से अधिक लोगों का 50 फीट तक कब्जा पाया गया, फिर भी कार्रवाई ठंडी पड़ी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट भी सामने आ गई है, इसमें 40 से अधिक लोगों का 30 से लेकर 50 फीट तक जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी निगम और राजस्व विभाग की टीम ने सीमांकन किया था। उस दौरान कब्जे वाली दुकानों और मकानों पर रेड मार्किंग की गई थी। बाद में तीन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया, लेकिन इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई थी। ध्यान रहे कि ज्वाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। लगातार शिकायतों के बाद निगम ने दो बार सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान 40 के करीब कब्जे उजागर होने के बाद भी प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माण आज भी जस के तस खड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो इन अवैध निर्माणों का काम और तेजी से जारी है। हाल यह है कि जवाली नाले की सड़क के किनारे बने अवैध कमर्शियल काम्प्लेक्स, नजूल भूमि पर हुए कब्जे, और नक्शे के विपरीत खड़ी की गई इमारतें सभी पर निगम की जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर चार आरआई, पांच पटवारी और एक सब इंजीनियर की टीम ने तेलीपारा रोड तक नाले की जमीन की नापजोख की। टीम को यहां 40 मकान, दुकानें और कुछ खाली प्लॉटों पर कब्जा मिला। इनमें कई प्रभावशाली लोगों के निर्माण भी शामिल हैं। ध्यान रहे कि पिछले सीमांकन में भी टीम ने अवैध कब्जों पर रेड मार्किंग की थी, जिससे विवाद शुरू हो गया था। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था। अब कोर्ट के आदेश पर दोबारा सीमांकन कर स्थिति साफ की गई है।



### नाले और नजूल की जमीन पर भी कब्जा

निगम ने कमल नागवानी, रेश्मा नागवानी और विक्की थदानी के निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया, लेकिन दूसरी ओर प्रकाश आडवाणी, गोपी गंगवानी और अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई रोक दी गई। आरोप लग रहे हैं कि निगम प्रशासन रसूखदारों के दबाव में काम कर रहा है। सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की पर कार्रवाई नहीं की। इसके साथ ही एक रसूखदार ने चार मंजिला कमर्शियल निर्माण कर दिया। खास बात रही कि यह निर्माण आवासीय नक्शा पास कराकर किया गया। इस रसूखदार ने नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया गया है।

### कुछ अतिक्रमण 7 फीट तक किए गए

ज्ञात हो कि नगर निगम और राजस्व विभाग ने एक माह पहले जवाली नाले के दोनों ओर सीमांकन कर अवैध कब्जों की लिस्ट तैयार की थी। इस कार्रवाई में सामने आया कि कई लोगों ने 3 से लेकर 7 फीट तक नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ ने तो नजूल भूमि को भी नहीं छोड़ा। निगम ने सीमांकन के बाद मकानों और दुकानों पर मार्किंग भी की थी। जिनका कब्जा निकल रहा है, उनमें से कई लोगों को नोटिस जारी किया गया था। दूसरी बार के सीमांकन में तीन लोगों का कब्जा सबसे अधिक 50 फीट तक पाया गया है।

### किया गया है सीमांकन

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी रिपोर्ट कोर्ट में जमा की जाएगी। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई होगी।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने का नियम था, कई छात्र भी इसी कारण बाहर

# डुप्लीकेट आईडी के कारण कई बाहर, डार्क कपड़े पहनने पर महिला को रोका, कपड़े बदलकर देनी पड़ी परीक्षा



सरकंडा स्थित रामदुलारे स्कूल के सामने परीक्षा देने के बाद सड़क पर लगा रहा जाम, लोग होते रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापमं द्वारा आयोजित जल संसाधन विभाग के सब इंजीनियर पद की भर्ती परीक्षा में कठिन प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को परेशान किया। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नों को समझने में ही अधिक समय लग गया। इसके साथ ही कई परीक्षार्थी तो अधिकारियों की सख्ती के कारण परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सके।

दरअसल कई परीक्षार्थियों को कह दिया गया कि उनके पास आईडी कार्ड की ओरिजनल कापी नहीं है और परीक्षा में फोटोकापी या डुप्लीकेट कापी मान्य नहीं की जाएगी। यही नहीं सरकंडा स्थित रामदुलारे दुबे हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक महिला परीक्षार्थी को डार्क कलर के कपड़े पहनने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा निर्देशों में हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने का नियम था। महिला ने तुरंत दूसरे कपड़े का इंतजाम कर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्राप्त की। दरअसल कुछ दिन पहले हुई पीडब्ल्यूडी की इंजीनियरिंग की परीक्षा में दो छात्राएं वाकीटाकी से नकल करते हुए पकड़ी गईं थीं। इसके बाद से प्रदेश भर में हंगामा मचा हुआ है। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब सीजीपीएससी और व्यापमं परीक्षाओं में शामिल होने वाले हर अभ्यर्थी को आधार कार्ड के माध्यम से ई-केवाईसी करना अनिवार्य किया गया है।

इस संबंध में राज्य सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि आधार के जरिए ई-केवाईसी से आयोग और मंडल को अभ्यर्थियों की पूरी जानकारी (नाम, जन्मतिथि, फोटो, पता आदि) पहले से मिल जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए जाएंगे। परीक्षार्थियों की जांच हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से की जाएगी। साथ ही मैनुअल पैट डाउन फ्रिस्किंग भी होगी। हर केंद्र पर एक पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी तलाशी लेंगे। इन कदमों से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

### रेलवे, एनटीपीसी व जेईई की परीक्षा दी, व्यापमं में मान्य नहीं

सरकंडा स्थित पं रामदुलारे दुबे स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे शुभम यादव को आधार कार्ड की ओरिजनल कापी नहीं लाने के कारण परीक्षा देने से वंचित कर दिया गया। शुभम ने बताया कि उसके पास आईडी कार्ड के तौर पर आधार कार्ड था लेकिन अधिकारियों ने इसे डुप्लीकेट बता दिया। शुभम के मुताबिक वह पहले भी इसी आधार कार्ड के माध्यम से रेलवे, एनटीपीसी और जेईई की परीक्षा दे चुका है। उस समय किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं की गई थी। इसलिए इस परीक्षा में भी वह कोई और आईडी कार्ड लेकर नहीं गया था। परीक्षा में नहीं बैठने देने से उसकी सालों की मेहनत बेकार हो गई। हरिभूमि से बातचीत के दौरान वे रो भी पड़े। शुभम यादव बिलासपुर में मंगला धूरी पारा में रहते हैं और उन्होंने नोयडा से सिविल इंजीनियरिंग 2016 में पास किया था।

### परीक्षा में पूछा गया आंकलन और मूल्यांकन का उद्देश्य

व्यापमं द्वारा जल संसाधन विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित सिविल, इलेक्ट्रिकल उप अभियंता परीक्षा रविवार को ली गई, इसके लिए शहर में 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। यह परीक्षा एक पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक ली गई, जिसमें 5 हजार 987 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 4 हजार 121 उपस्थित व 1 हजार 866 अनुपस्थित रहे। एग्जाम देकर निकले परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को मॉडरेट बताया न्युमेरिकल प्रश्नों ने उन्हें परेशान किया मगर सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने नंबर बढ़ाया है। इन्होंने बताया की 42वें संविधान संशोधन की प्रस्तावना में कौन से दो शब्द जोड़े गए, पेट्रोल इंजन में पंप का मुख्य कार्य व आंकलन और मूल्यांकन का उदेश्य बताईये जैसे प्रश्न पूछे गए। सामान्य ज्ञान में छत्तीसगढ के भी प्रश्न पूछे गए।

- **व्यापमं ने सब इंजीनियरों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ली परीक्षा**

**सभी अभ्यर्थी हाफ शर्ट में नजर आए:** व्यापमं द्वारा परीक्षा नियमों में किए गए बदलाव के मुताबिक परीक्षार्थी दो घंटे पहले एग्जाम सेंटर पहुंचे। नीट की तर्ज पर इस बार परीक्षार्थियों को एग्जाम सेंटर 2 घंटे पहले पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया था, ताकि उनकी बेहतर ढंग से जांच की जा सके। वहीं इस बार परीक्षार्थियों को हाफ शर्ट पहनकर आने कहा गया था, इसलिए सभी परीक्षार्थी हाफ शर्ट, टी शर्ट में नजर आए।

**पौने दस बजे गेट किया बंद:** एग्जाम सेंटर के गेट परीक्षा के लिए निर्धारित सुबह 10 बजने के 15 मिनट पहले यानी 9.45 बजे बंद कर दिए गए। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित थी।

**वन फोर्थ माइनस मार्किंग :** 100 अंकों के प्रश्न पत्र में वन फोर्थ माइनस मार्किंग था,चार गलत होने पर एक नंबर कट जाता है। इस पेपर में 90 प्रतिशत सैद्धांतिक और दस प्रतिशत संख्यात्मक प्रश्न थे। परीक्षार्थियों के अनुसार टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल भी प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र में चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनना था, लेकिन प्रश्नों की जटिलता के कारण परीक्षार्थियों को एक-एक प्रश्न को पढ़ने में काफी समय लगा।



परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

## बाबाधाम से लौट रहे दो युवकों से मिले 10 नग स्टील के चाकू



**बिलासपुर।** बाबाधाम से लौट रहे दो युवक ट्रेन से उतरने के बाद छिपते छिपाते पीछे के रास्ते से निकल रहे थे। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर बैग की तलाशी ली तो 10 नग स्टेनलेस स्टील से बना चाकू मिला। युवकों ने इसे देवघर से खरीदकर लाना बताया है। पुलिस ने चाकू जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

इन दिनों बड़ी संख्या में शहर से युवक टोली बनाकर ट्रेन से देवघर जाकर पदयात्रा कर भगवान भोलनाथ का दर्शन करने जा रहे हैं। रविवार को पुलिस को सूचना मिली साउथ बिहार ट्रेन में दो युवक बड़ी संख्या में चाकू लेकर शहर आ रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू प्रभारी अनुज कुमार, सीएसपी निमितेश सिंह, एसआई रामनरेश यादव, राहुल सिंह, रवि यादव एवं अन्य रेलवे स्टेशन सांई मंदिर के पास वाहन चेकिंग के बहाने तैनात हो गए। इसी दौरान साउथ विहार ट्रेन रेलवे स्टेशन में आई। दो युवक छिपते छिपाते रेलवे स्टेशन के पीछे रास्ते से बाहर निकल रहे थे। बाहर निकलते ही पुलिस टीम ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों युवकों के बेग से 10 नग स्टेनलेस स्टील बटनदार फोल्डिंग धारदार चाकू मिला। पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने बताया, वे पद यात्रा कर भोलेनाथ में जल चढ़ाने देवघर बाबा धाम गए थे। पूजा पाठ करने के बाद घूम रहे थे। इसी दौरान खुले बाजार में एक दुकान में स्टेनलेस चाकू बिक रहा था। दुकान से चाकू खरीदकर शहर ला रहे थे। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आरपीएफ, जीआरपी की खुली पोल

पकड़े गए दोनों युवक देवघर से 10 नग चाकू खरीदकर आसानी से बेग में रखकर शहर पहुंच गए और स्टेशन से बाहर निकल गए और सुरक्षा में तैनात आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारी जवानों को भनक तक नहीं लगी। ज्ञात हो कि सावन माह लगते ही शहर से बड़ी संख्या में युवा टोली बनाकर देवघर जल चढ़ाने जा रहे हैं और लौटते समय चाकू, तलवार, गांजा खरीदकर लौट रहे हैं। ट्रेन में जांच नहीं होने से युवा चाकू, तलवार लाने में सफल हो रहे हैं।

### एक आदतन अपराधी

पकड़ा गया एक आरोपी सरकण्डा डीएलएस कालेज बजरंगबली मंदिर के पास रहने वाला निखिल साहू सरकण्डा क्षेत्र का आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व में सरकण्डा थाने में आर्म्स एक्ट व मारपीट के 3 मामले दर्ज हैं। उसके पास से 8 नग स्टेनलेस चाकू बरामद किया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

- निखिल साहू पिता अन्जु साहू 19 साल डीएलएस कालेज बजरंगबली मंदिर सरकण्डा
- सुमीत चौरसिया पिता संदीप चौरसिया 20 साल मंगेली बाजार, गौरेला

# उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंगवालों की गुण्डागर्दी

## मां को लेने गए बेटे को बेरहमी से पीटा, हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंगवाले बेखौफ गुण्डागर्दी कर गाड़ीवालों से वसूली कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है, एक युवक अपनी मां को लेने के लिए उसलापुर स्टेशन गया था। पार्किंग स्थल से दूर स्कूटी को खड़ी कर मां के आने का इंतजार कर रहा था।

पार्किंगवाले आए और जबरिया पार्किंग स्थल पर स्कूटी खड़ी है कहकर वसूली करने लगे। विरोध करने पर तीन कर्मचारियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गौरी गणेश कालोनी निवासी एलएलबी द्वतीय वर्ष का छात्र वंश शर्मा पिता स्व. अखिलेश शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 20 जुलाई उनकी मां डा. राधा शर्मा नर्मदा एक्सप्रेस में भोपाल से उसलापुर रेलवे स्टेशन आ रही थीं। ट्रेन दोपहर 1.30 बजे निर्धारीत समय पर आ रही थी। वे अपनी विगो स्कूटी से अपनी मां को लेने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन गए और कार पार्किंग के थोड़ी दूर अपनी स्कूटी खड़ी बैठकर मां के बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पार्किंग का एक कर्मचारी उनके पास आकर कहा स्कूटी पार्किंग स्थल पर खड़ी है। स्कूटी यहां से नहीं हटाओगे तो जैमर लगा दिया जाएगा। उन्होंने ने कहा पार्किंग स्थल के बाहर स्कूटी खड़ी की है तब कर्मचारी उनसे विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान उसके 2 से 3 साथी आ गए। सभी ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, पैर से बेरहमीपूर्वक जमकर मारपीट की है। मारपीट करने से उनके पेट, दोनों हाथ, सिर, पैर के निचले हिस्से में चोट आई है। पुलिस ने वंश शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। एक भी हमलावर को नहीं पकड़ा गया है।

### आए दिन होता है विवाद

ट्रेनों की संख्या बढ़ने से प्रतिदिन उसलापुर स्टेशन में बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। जरूरी काम से जाने वाले पार्किंग स्थल के बाहर अपनी गाड़ी करते हैं, तो भी पार्किंग वाले वाहन संचालकों से जबरिया पार्किंग की रकम मांगी जाती है। मना करने पर कर्मचारियों के द्वारा गुण्डागर्दी कर संभ्रात परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट की जाती है।

### रायगढ़ की युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रायगढ़-बिलासपुर लोकल ट्रेन में मारपीट करने के मामले में जीआरपी ने रायगढ़ की युवती के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली लोकल ट्रेन शनिवार की रात ट्रेन के चांपा स्टेशन पहुंचने के बाद जांजगीर-चांपा निवासी सुखरानी सिंह पति विजय सिंह ठाकुर 45 साल अपनी बहन के साथ उसमें बिलासपुर आने के लिए सवार हो गई। सुखरानी सिंह जिस कोच में सफर कर रही थी उसमें भीड़ अधिक थी, एक बर्थ में रायगढ़ से बिलासपुर आ रही रायगढ़ की 30 वर्षीय अनन्या कुरु पिता सुभांशु कुरु लेटी हुई थी। सुखरानी सिंह ने अनन्या से बैठने के लिए जगह मांगी, उसने देने से इनकार कर दिया। सुखरानी सिंह ने अनन्या कुरु को हाथ पकड़ा और खींचकर उठा दिया। इससे नाराज होकर अनन्या कुरु ने सुखरानी सिंह पर अपने पास रखे मोबाइल से सिर में वार कर दिया। सुखरानी सिंह के सिर से खून बहने लगा। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने के बाद सुखरानी और अनन्या कुरु दोनों जीआरपी थाने पहुंची। सुखरानी को जीआरपी ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा और अनन्या से बयान लिया। दोनों पक्षों से पूछताछ करने के बाद जीआरपी ने रविवार की सुबह रायगढ़ की रहने वाली युवती अनन्या कुरु के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरु कर दी है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सभा आयोजित कर धर्मान्तरण कराने का आरोप, हंगामा

**बिलासपुर।** रविवार को सरकण्डा क्षेत्र के एक मकान में एक समुदाय के लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर रहे थे। बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे और एक घण्टे तक हंगामा मचाया। उसके बाद पुलिस ने सभा आयोजित करने वाली शिक्षिका व उसके बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, रविवार को सरकण्डा गीतांजली सिटी फेस 2 निवासी शिक्षिका अरूधति साहू के घर में लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। हिन्दू लोगों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में हिंदू संठगन के लोग सरकण्डा पुलिस को साथ में लेकर शिक्षिका के घर के सामने जाकर धर्मान्तरण का विरोध किया गया। इस दौरान एक सामुदाय के लोगों व हिंदू संगठन के बीच जमकर कहा सुनी हुई। करीब 1 घण्टे तक हंगामा चलता रहा। उसके बाद दोनों पक्ष सरकंडा थाने पहुंच गए। पुलिस ने हिन्दू संगठन के सदस्य गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी सूरज ताम्रकार पिता राजू की रिपोर्ट पर शिक्षिका अरुधति साहू व उसके बेटे साकेत साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



सरकंडा थाना शिकायत लेकर पहुंचे स्थानीय नागरिक।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411